डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

23 मार्च 2025
रविवार



सुरक्षित नहीं है बिहार की जनता का भविष्य: तेजस्वी यादव

2



# पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं... बोले- बिहार के विकास के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे

## 113 वर्ष का हुआ बिहार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार ने अपनी स्थापना के 113वां वसंत पूरा किया। इस अवसर पर शनिवार से पटना के गांधी मैदान में पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुब्बारा उड़ाकर किया। बिहार दिवस समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ अन्य मंत्रीगण भी मौजूद रहे। वहीं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग गांधी मैदान पहुंचे। गांधी मैदान में विभिन्न विभागों की तरफ से स्टॉल लगाए गए हैं, जहां सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।



वहीं विभिन्न स्टॉल पर छात्र-छात्राओं की तरफ से बनाए गए मॉडल, चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कृत चित्रों की प्रदर्शनी और शिक्षकों के निर्मित शिक्षण लर्निंग सामग्री मिल रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग 15 मुफ्त हेल्थ स्टॉल लगाया है। बिहार दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पटना के गांधी मैदान में विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। गांधी मैदान में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग विशेष स्टॉल लगाया हुआ है, जहां विभाग की उपलब्धियों, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। समारोह में आने वालों के लिए सेल्फी पॉइंट की भी व्यवस्था की गई है।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यवासियों को दी हार्दिक बधाई

बिहार दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुमू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत कई नामचीन हस्तियों ने शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'बिहार दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास का केंद्र रही है। मेरा विश्वास है कि बिहार के निवासी अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा परिश्रम के बल पर विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते रहेंगे।

## अमित शाह ने की सुख, शांति और उन्नति की कामना

पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार दिवस की बधाई देते हुए लिखा, 'वीरों और महान विभूतियों की पावन धरती बिहार के अपने सभी भाई-बहनों को बिहार दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के जिस महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, उसमें यहां के परिश्रमी और प्रतिभाशाली बिहारवासियों की अहम भागीदारी है। हमारी संस्कृति और परंपरा के केंद्र-बिंदु रहे अपने इस राज्य के चौतरफा विकास के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

सीएम नीतीश कुमार ने लिखा, बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार का इतिहास गौरवशाली है और हम वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं। हम सब मिलकर बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, सभी बिहारवासियों को 'बिहार दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। ज्ञान, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की भूमि बिहार ने हमेशा देश को नेतृत्व और नई ऊर्जा प्रदान की है। इतिहास के गौरवशाली अध्यायों से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक, बिहार ने हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एनडीए सरकार बिहार को प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशवासियों की सुख, शांति और उन्नति की कामना करता हूं। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने लिखा, 'ज्ञान, प्रतिभा, ऐतिहासिक गौरव, विद्वता, साधना, अहिंसा, संस्कृति, शौर्य, पराक्रम, प्रेम की पुण्यधरा और लोकतंत्र की जननी- बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई व अशेष शुभकामनाएं।

## खबरें फटाफट

### हरियाणा में चल रहे महायज्ञ में ब्राह्मण को लगी गोली

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय महायज्ञ में शनिवार को खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि ब्राह्मणों को बासी खाना परोसने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। विवाद के दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी। उन्हें गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से नाराज ब्राह्मणों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति को नियंत्रण में रखने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, माहौल अभी भी तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## रिश्ते और भरोसे का कत्ल: गंगोह के सांगाठेडा की है दिल दहलाने वाली घटना

# सहारनपुर में बाप ने अपने तीन मासूमों की गोली मार की हत्या, पत्नी की हालत गंभीर

### जब अपने बन रहे कातिल तो किस पर करेंगे भरोसा

**एजेंसी/सहारनपुर**

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक पिता ने अपने तीन मासूम बच्चों और पत्नी को गोली मार दी। इस दिल दहला देने वाली घटना में तीनों बच्चों की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है। घटना के बाद जहां पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, वहीं परिवार में भी कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हत्यारे बाप को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारा बाप भाजपा नेता और पार्टी की जिला कार्यकारिणी सदस्य बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना थाना गंगोह इलाके के गांव सांगाठेडा की है, जहां भाजपा नेता योगेश रोहिला ने शनिवार दोपहर को अपनी पत्नी नेहा और तीन बच्चों 11 वर्षीय बेटी श्रद्धा, 6 वर्षीय बेटे शिवांश और 4 साल के बेटे देवांश के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से सभी जमीन पर गिर पड़े। गोलियों और चीख पुकार की आवाज से गांव में अफरातफरी मच गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना गंगोह पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आनन फानन में परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सभी को गंगोह सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने 11 साल की श्रद्धा को मृत घोषित कर दिया और अन्य सभी की नाजुक हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 4 साल के मासूम देवांश और 6 साल के शिवांश ने भी दम तोड़ दिया। वहीं पत्नी नेहा की हालत गंभीर बनी हुई है।







### पत्नी के चरित्र पर था शक, घटना पर नहीं है कोई पछतावा

इस घटना को लेकर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि आरोपी योगेश रोहिला ने खुद पुलिस को फोन करके न सिर्फ घटना की जानकारी दी बल्कि अपना गुनाह भी कबूल कर लिया। लाइसेंसी पिस्टल के साथ पुलिस हिरासत में आए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था, जिसके चलते कई बार पति और पत्नी के बीच विवाद हो चुका था। आज फिर उनके बीच विवाद हुआ और उसने गुस्से में आकर पत्नी और बच्चों को गोली मार दी। हैरत की बात यह है कि घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे पिता को कोई पछतावा नहीं है।

### पत्नी पर शक की वजह से बाप ने बेटे की कर दी हत्या

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां 38 वर्षीय आईटी इंजीनियर माधव टिकेटी ने अपने 3.5 वर्षीय बेटे की हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक माधव ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक होने की वजह से बच्चे की हत्या कर दी। मामला तब सामने आया जब मां को बच्चा नहीं मिला तो उसने चंदन नगर पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। ऐसे में पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे माधव अपने बेटे के साथ दिखाई दिया। हालांकि दूसरे फुटेज में माधव अकेले दिखाई दे रहा था। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। माधव से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां बच्चे का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। डीसीपी (जोन 4) हिम्मत जाधव ने बताया कि माधव को अपनी पत्नी के चरित्र पर बढ़ते शक की वजह से आरोपी ने अपने बेटे को मार डाला। आरोपी मूल रूप से विशाखापत्तनम का रहने वाला है। वह दो महीने से बेरोजगार था।

# पटना में एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर की गोली मार हत्या

### अगमकुआं थाना क्षेत्र के धनकी मोड़ की घटना



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार से फिर से अपराध की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। ताजा मामला पटना का है। यहां मरीज बनकर पहुंचे अपराधियों ने एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर को गोलियों से भून डाला। घटना पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र के धनकी मोड़ के समीप की है। घटना की सूचना मिलने पर सिटी एसपी समेत अगमकुआं थाने की पुलिस जांच के लिए पहुंची। घटनास्थल से पुलिस ने 5 खोखा बरामद किया है।

बताया गया कि दोपहर करीब 3.30 बजे बजे अस्पताल में मरीजों का इलाज चल रहा था। इसी दौरान कुछ अपराधी एशिया हॉस्पिटल में पहुंचे और डायरेक्टर सुरभि राज के चैंबर में घुसे। फिर उन्होंने सुरभि राज पर ताबड़तोड़ 6-7 गोलियां चला दीं। जिसके बाद हॉस्पिटल स्टाफ घायल सुरभि को इलाज के लिए पटना एम्स लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। यह जानकारी सामने नहीं आई कि अस्पताल संचालिका की हत्या किसने और क्यों की। इस मामले पर सीडीपीओ अतुलेश झा ने कहा, अगमकुआं थाना को दिन में सूचना मिली कि एशिया हॉस्पिटल की संचालिका को गोली मार दी गई है। थाना टीम वहां सभी एंगल से जांच कर रही है। डॉक्टर की हत्या के बाद से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और अन्य चिकित्सक संगठनों में काफी रोष है। सभी ने इस हत्या की उच्च स्तरीय जांच और अपराधियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। कहा जा रहा है कि सुरभि राज अस्पताल पहुंची और अपने चेंबर में जाकर बैठ गई। तभी मरीज के परिजन बनकर आए 5 से 6 की संख्या में अपराधी पहुंचे और पिस्टल से फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया।

# तमिलनाडु में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर 25 सालों के लिए रोक लगाने की मांग

**एजेंसी/चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर 25 सालों की रोक लगाने की मांग की गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की अध्यक्षता में संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक चेन्नई में संपन्न हुई। इस बैठक के बाद एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से मांग की गई।

बता दें कि निर्वाचन क्षेत्र पुनर्गठन पर चर्चा के लिए संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक शनिवार सुबह 10 बजे गिण्डी के एक होटल में शुरू हुई। इस बैठक में 3 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और 7 राज्यों ने भाग लिया। इसमें केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और अन्य ने भाग लिया। आंध्र प्रदेश ने इस बैठक का पूर्णतः बहिष्कार किया है। न तो तेलुगु देशम पार्टी और न ही जगन मोदी रेड्डी की वाईएसआर पार्टी इसमें शामिल हुई। बैठक में टीएमसी भी शामिल नहीं हुई। लगभग तीन घंटे तक सभी पार्टी नेताओं ने निर्वाचन क्षेत्र पुनर्गठन पर चर्चा की। इस बैठक में पुनर्गठन के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया।

संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसमें निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन को 25 वर्षों के लिए स्थगित करने का आग्रह किया गया है। संयुक्त समिति की बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि केंद्र सरकार को इसे सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संवैधानिक संशोधन करना चाहिए।

# सपा सांसद ने राणा सांगा को कहा गद्दार, भाजपा बोली- मांगें माफी

**एजेंसी/लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। सदन में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान उन्होंने बाबर और औरंगजेब के मुद्दे पर बात रखते हुए राणा सांगा को गद्दार करार दिया। यह वीडियो क्लिप शेयर करते हुए भाजपा के पूर्व सांसद संजीव बालियान ने राजपूत और समस्त हिंदू समाज का अपमान करार दिया है। उन्होंने माफी की मांग की है। उन्होंने सपा सांसद की क्लिप को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, 'धिक्कार है- तुष्टिकरण की सभी हदें पार करके सपा नेता रामजी लाल सुमन द्वारा संसद में महान वीर राणा सांगा को गद्दार कहना हमारे राजपूत समाज और समस्त हिंदू समाज का घोर अपमान है। सपा को ऐसे शर्मनाक कृत्य पर पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। राज्यसभा में संबोधित करते हुए सांसद सुमन ने कहा- भाजपा के लोगों का तकियाकलाम हो गया है कि सबको कहते हैं- इनमें बाबर का डीएनए है। अब हिंदुस्तान का मुसलमान तो बाबर को आदर्श मानता नहीं है, वो तो मोहम्मद साहब को अपना आदर्श मानता है।

## आरएसएस ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न के खिलाफ पारित किया प्रस्ताव

# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान

**एजेंसी/बेंगलुरु**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया है और बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान किया है। आरएसएस ने इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र से हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रतिनिधि सभा की ओर से पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है जिस पर प्रतिनिधि सभा अपनी चिंता व्यक्त करती है। बांग्लादेश में हिंदुओं की



आबादी 1951 में 22 प्रतिशत से घटकर 7 प्रतिशत रह गई है।

प्रस्ताव में लिखा है, 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार हो रही सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करती है. यह स्पष्ट रूप से मानवाधिकार हनन का गंभीर मामला है। इसमें लिखा है, 'बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ-मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर हमले, मूर्तियों का अनादर, हत्याएं, संपत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, रेप, जबरन धर्मांतरण जैसी अनेक घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन घटनाओं को केवल राजनीतिक बताकर इनके मजहबी पक्ष को नकारना सत्य से मुंह मोड़ने जैसा होगा क्योंकि अधिकतर पीड़ित हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदाओं से ही हैं।

**यूएन से दखल देने की अपील:** प्रस्ताव में कहा गया है, 'कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां जानबूझकर भारत के पड़ोसी क्षेत्रों में अविश्वास और टकराव का वातावरण बनाते हुए एक देश को दूसरे के खिलाफ खड़ा कर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं। प्रतिनिधि सभा का मत है कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों और वैश्विक समुदाय को बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार का गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए और बांग्लादेश सरकार पर इन हिंसक गतिविधियों को रोकने का दबाव बनाना चाहिए।



# बोले राज्यपाल... ज्ञान परंपरा पुनर्जीवित होगी तभी भारत होगा विकसित

- हमारी संस्कृति यह बताती है कि यह संसार विष वृक्ष है, लेकिन इसमें दो अमृत के समान फल मिलते हैं

**केटी न्यूज/पटना**

हमारी संस्कृति ही ज्ञान की संस्कृति रही है। ऐसे में जब ज्ञान की परंपरा पुनर्जीवित होगी तभी भारत विकसित होगा। मानव जीवन का उद्देश्य ही ज्ञान की प्राप्ति है। यह बातें राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को श्रीकृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय के सभागार में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण सिंह सेवा सदन पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से किया गया था। इसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष सह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष



डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह ने की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को आत्मसात करने पर बल देते हुए कहा कि आज जो किताब पढ़ेगा, कल वही देश का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उन्हें किताबों से लगाव था। उन्हें अपनी दिनचर्या में किताबें पढ़ने पर दंडित भी किया जाता था। जब और जहां समय मिलता था, वे किताब पढ़ने का अवसर ढूंढ लेते थे। आज इस कार्यक्रम में श्रीकृष्ण सिंह के सम्मान और पुस्तकालय के वजह से आए हैं। यहां आकर स्वयं को गौरव से अभिभूत पा रहा हूं। गैलियो और उसके मित्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग किताबें नहीं पढ़ते उन्हें सार्वजनिक जीवन में आने का कोई अधिकार नहीं है। जीवन का उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति है। ज्ञान ही यह शिक्षा देता है कि अपने सुख के लिए किसी को दुख दिया तो वह लौटकर फिर खुद के पास आएगा। ज्ञान का उद्देश्य विविधता को स्वीकार करने, सम्मान करने का विवेक देता है। जो कोई विविधता में छिपी एकता और अद्वैत को नहीं देखता, वह मृत्यु से मृत्यु तक की यात्रा करता है। उसे कभी मोक्ष प्राप्त नहीं होता है। हमारी संस्कृति यह बताती है कि यह संसार विष वृक्ष है, लेकिन इसमें दो अमृत के समान फल मिलते हैं। पहला पुस्तकें और दूसरा सत्संग। भारतीय संस्कृति इन्हीं से निर्मित हुई है।अंत में उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण सिंह सेवा सदन पुस्तकालय के लिए अनुदान प्राप्त करने के लिए वे स्वयंसेवक की तरह काम करेंगे। स्वागत भाषण डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रभात कुमार ने किया। मौके पर राज्यपाल के सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू, एमयू के कुलसचिव कर्नल विजय कुमार ठाकुर, पद्मश्री विमल जैन मौजूद रहे। बिहार केशरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की आत्मा का केंद्र बिंदु श्रीकृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय का शिलान्यास 21 अक्तूबर 1947 को तत्कालीन राज्यपाल जयराम दास दौलत राम ने तथा उद्घाटन प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया था।

# आश्रय गृह से लड़कियों के फरार मामले में धरने पर बैठे विधायक, डीएम बोले- चूक हुई है हमसे

**केटी न्यूज/सीवान**

सीवान के आश्रय गृह से 20 मार्च की रात में मौका पाकर 13 लड़कियां फरार हो गई थी। इनमें से चार को आर्केस्ट्रा ग्रुप से छुड़ाया गया था। इस मामले में जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिरादेई के विधायक अमरजीत कुशवाहा अपने कार्यकताओं के साथ आश्रय गृह के सामने धरने पर बैठे हैं। डीएम ने इस मामले में जांच की बात कही है। माले नेता व विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि प्रशासन के मिलीभगत से इन लड़कियों को भगा दिया गया है। आश्रय गृह के वार्डन और अन्य कर्मचारी कहां थे कि लड़कियां यहां से फरार हो गईं। यह आश्रय गृह के कर्मचारियों और वार्डन की लापरवाही है। जिला प्रशासन भी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती करने में जुटा है। डीएम और एसपी पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसडीएम से पूछे जाने पर कहते हैं कि आप डीएम से पूछिए, डीएम सिर्फ जांच की बात कर रहे हैं। आखिर ये लड़कियां कहां गईं। इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हुई।मामला सीवान जिले के जिरादेई प्रखंड अंतर्गत भैंसाखल गांव के आश्रय गृह का है। दरअसल, 20 मार्च की रात 13 नाबालिग लड़कियां आश्रय गृह की चारदीवारी फांदकर फरार हो गईं। यह मामला तब सामने आया, जब आश्रय गृह के वार्डन ऋतु कुमारी ने जिरादेई थाने में शिकायत दर्ज कराया है। मामला सामने आने के तुरंत बाद जिला प्रशासन एक्टिव होकर उन लड़कियों को ढूंढना शुरू किया है। हालांकि, अभी तक कोई बरामदगी नहीं हुई है।

## राष्ट्रगान का अपमान किसी कीमत पर नहीं होगा बर्दाश्त

# सुरक्षित नहीं है बिहार की जनता का भविष्य: तेजस्वी

- तेजस्वी यादव ने पूर्णिया के नवीन नगर में युवा राजद कार्यालय का किया उद्घाटन
- बोले- रिटायर्ड अधिकारी को साथ में रखे हैं सीएम

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

आरजेडी नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पूर्णिया पहुंचते ही नवीन नगर में युवा राजद कार्यालय का उद्घाटन किया। तेजस्वी यादव पूर्णिया आगमन के दौरान नवीन नगर स्थित युवा राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बीमा भारती, राजद से बायसी विधायक सैयद रुकुनुद्दीन अहमद, पूर्व विधायक दिलीप यादव, जिलाध्यक्ष सहित सैंकड़ों नेता और कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। शनिवार शाम में पूर्णिया के डगरूआ प्रखंड अंतर्गत बेलगच्छी में राजद का इफ्तार पार्टी होनी है, जिसमें शिरकत करने तेजस्वी यादव पहुंचे हैं। पूर्णिया के नवीन नगर पहुंचे तेजस्वी यादव मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का राष्ट्रगान का अपमान करना बेहद ही निंदनीय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगना चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के लोगों का शर्म से माथा झुका हुआ है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का जिस तरह से अपमान किया वह बहुत ही निंदनीय है। कोई भी व्यक्ति राष्ट्रगान का अपमान करता है तो कोई भी व्यक्ति बर्दाश्त नहीं करेगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री उम्र के उस पड़ाव में आ गए हैं, जहां 14 करोड़ बिहार वासियों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री को अब त्यागपत्र दे देना चाहिए। साथ ही तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि रिटायर्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री साथ में रखे हैं। तेजस्वी यादव ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि एक अधिकारी मुख्यमंत्री को हाथ से इशारा करते हुए शांत रहने को कह रहा है। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि बिहार सरकार चला कौन रहा है, मुख्यमंत्री चल रहे हैं या सुपर सीएम डीके बॉस चला रहा है।



## तेजस्वी ने कहा- आइए राजद के साथ दोनों भाई मिलकर करेंगे राघोपुर का विकास

**राघोपुर।** तेजस्वी यादव के परिवार के सबसे बड़े दुश्मन सतीश यादव को आरजेडी में आने का निमंत्रण दे दिया। तेजस्वी यादव अपने राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के बिदुपुर प्रखंड में एक श्रद्धांजलि सभा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जहां पर भाजपा के नेता एवं पूर्व विधायक सतीश राय भी इसी कार्यक्रम में पहुंचे थे। तेजस्वी यादव ने सतीश यादव को राजद में आने का निमंत्रण दे दिया। वहीं, सतीश यादव तेजस्वी यादव को कहते दिखे कि कोई मेहमान हमारे क्षेत्र में आता है तो उनका हम स्वागत करते हैं। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारा यह नानी घर है। वहीं, बीजेपी के नेता सतीश यादव के सामने तेजस्वी यादव के राघोपुर क्षेत्र एवं तमाम विकास के कामों को भी यादव अपने कार्यकाल में करने का दावा करते दिखे।


# बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन के रेलवे ओवरब्रिज का हुआ शुभारंभ

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस के दिन राज्यवासियों को सौगात दी है। उन्होंने बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन के आरओबी का शुभारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे बख्तियारपुर से मोकामा आने-जाने वाले लोगों को और अधिक सहूलियत मिलेगी। साथ ही पटना से उत्तर बिहार जाने वाले लोगों का आवागमन भी सुगम होगा और समय की बचत होगी। सीएम ने निमार्णाधीन बख्तियारपुर-ताजपुर पथ का भी निरीक्षण किया और इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीएम ने विकास परियोजनाओं की सतत निगरानी और समय पर पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इससे पहले सीएम नीतीश कुमार ने ने मीठापुर-महुली पथ के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल ने जानकारी दी कि मीठापुर-महुली पथ की लंबाई 11 किलोमीटर है, और इसका बचे हुए कार्य अप्रैल माह तक पूरा कर लिया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एलिवेटेड मीठापुर पुल और नीचे के पथ के कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। सीएम ने पटना-गया पुराने पथ के चौड़ीकरण कार्य का भी जायजा लिया। पुनपुन तीनमुहानी के पास रुककर उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और यहां से पुनपुन घाट तक जाने के लिए एलिवेटेड सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

# पटना में दबदबा कायम करने के लिए बिल्डर ने दागी 11 गोलियां

**पटना।** नौबतपुर में फायरिंग की घटना आम हो चली है। मौका चाहे खुशी का हो या फिर रंगदारी मांगने का, फायरिंग होना तो लाजमी है। ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक पिस्टल से खुलेआम एक के बाद लगातार 11 गोली हवा में दागता दिख रहा है। पहले तो लोगों ने समझा कि युवक बिहार दिवस के अवसर पर खुशी से झूमता हुआ फायरिंग कर बिहारवासियों को बिहारी होने का अहसास करा रहा है।










# परिवार कल्याण कार्यक्रम में जिले को राज्य में प्रथम स्थान दिलाने का रखें लक्ष्यः सिविल सर्जन

♦ उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों व फ्रंट लाइन वर्कर्स हुए सम्मानित

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला स्वास्थ्य समिति समय समय बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया जाता है। ताकि, बेहतर कार्य करने वाले लोगों की हौसलाअफजाई की जा सके। इस क्रम में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स को सिविल सर्जन डॉ. शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती ने जिला मुख्यालय स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया। यह पुरस्कार यह पुरस्कार उन्हें वर्ष 2024 में परिवार कल्याण कार्यक्रम में बेहतर कार्य के लिए दिया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने सभी को मोमेंटो देकर भविष्य में इसी प्रकार से बेहतर कार्य करने की अपील की।



सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों की मेहनत और लगन की बदौलत बक्सर जिला दिन प्रतिदिन परिवार कल्याण कार्यक्रम में आगे बढ़ रहा है। इसके लिए वो सभी लोग बधाई के पात्र हैं, जो विभिन्न कार्यक्रमों के बीच परिवार कल्याण कार्यक्रम को गति देने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों, अधिकारियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स को परिवार कल्याण कार्यक्रम में अपना श्रेष्ठ देने को कहा। ताकि, बक्सर जिले को राज्य में प्रथम स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में प्रजनन दर में कमी के लिए जागरूकता जरूरी है। गर्भ निरोधकों के उपयोग को बढ़ाने और सामुदायिक स्तर पर इसकी पहुंच बनाने की आवश्यकता है। जिसको सीएचओ और आशा कार्यकताएं बेहतर तरीके से पूरा कर सकते हैं।

मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विनोद प्रताप सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय, डीपीएम मनीष कुमार, डीएमईओ अमित अंकुर, सदर बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### इन अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**आशा :** नीतू देवी (सदर), गीता देवी (केसठ), कुमारी नीतू (सदर), पावर्ती देवी (चौगाई), सीमा देवी (नावानगर), चांदमुनी देवी (चौसा), हीरामुनी देवी (इटाढ़ी) व सुनीता कुमारी (नावानगर)

**आशा फैसिलिटेटर :** शीला देवी (डुमरांव)

**एएनएम :** रेणु कुमारी (चौगाई), कनक कुमारी (इटाढ़ी), मीना कुमारी (ब्रह्मपुर), रश्मि कुमारी (ब्रह्मपुर), कुंती कुमारी (सदर) व अनिता कुमारी (ब्रह्मपुर)

**चिकित्सक :** डॉ. एसएन उपाध्याय (एमओआईसी इटाढ़ी), डॉ. सेतु सिंह (एमओ, सदर), डॉ. प्रेमा कुमारी (एमओ, एसडीएच डुमरांव), डॉ. ब्रजेश कुमार (सीएसीपी),

**परिवार कल्याण परामर्शी :** ममता कुमारी (एसएच, बक्सर) व ज्योति कुमारी (सिमरी)

**सीएचओ :** प्रियंका कुमारी (नावानगर), प्रियंका सिंह (सदर) व आस्था कुमारी (राजपुर)

**अन्य :** इटाढ़ी पीएचसी को उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थान के अलावा अविनाश कुमार, अभिषेक कुमार, ज्ञान प्रकाश, अवनीश कुमार, राजेश कुमार व राम नारायण सिंह

---

## खबरें फटाफट

### थानाध्यक्ष से मारपीट मामले की दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर।** पूर्व के सोनवर्षा थानाध्यक्ष से मारपीट मामले में दो महिला आरोपी को सोनवर्षा पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी मौडिहां गांव निवासी शोभा देवी व शोभनी देवी बताई जाता है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में मौडीहा गांव स्थित महादलित बस्ती में शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस बल के साथ आरोपियों ने पहले नोक झोंक की और सुनील कुमार सिंह के साथ आरोपियों ने मारपीट की। जिससे थाना के पूर्व थानेदार जख्मी हो गए थे। मामले में जख्मी थानेदार ने प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसके बाद से ही सभी आरोपी फरार चल रही थी।

### जांच अभियान में वसूले 48 हजार

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि बगैर हेलमेट के वाहन चालकों को फाईन के साथ थानाध्यक्ष ने सख्त चेतावनी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। अभियान में अतिरिक्त सवारी और बिना हेलमेट वालों को मुख्य रुप से जांच की गई। इस दौरान 48 हजार रुपए का चालान काटा गया।


---

### सदर अस्पताल में एनेस्थेटिक के अभाव में नहीं शुरू हो पा रही आईसीयू व्यवस्था

# आईसीयू में पदस्थापन होने के बाद फरार एनेस्थेटिक आरा में चला रहे क्लीनिक

**केटी न्यूज/बक्सर**

पिछले महीने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के ऐन पहले सदर अस्पताल में आनन-फानन में आईसीयू व्यवस्था को आनन फानन में खोलने का निर्देश सिविल सर्जन ने दिया था, इसके लिए रात में पत्र जारी किया गया था, लेकिन सदर अस्पताल के इकलौते एनेस्थेटिक डॉ. अजित कुमार सिंह लंबी छुट्टी पर चले गए, जिस कारण आईसीयू व्यवस्था शुरू नहीं हो पाया है।



मामले में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। विभाग की नजर में बीमार चल रहे एनेस्थेटिक डॉ. अजित कुमार सिंह स्वास्थ्य लाभ के बदले आरा में अपने निजी क्लीनिक में मरीजों का इलाज कर रहे है। इस दौरान उन्हें देख कही से ऐसा नहीं लगा रहा था कि वे लंबी बीमारी से जूझ रहे है।

हालांकि, मीडिया के कैमरे में मरीज का इलाज करते कैद होने के बाद उन्होंने मामले में सफाई दी कि वे ऑपरेशन के बाद अक्सर बीमार हो जा रहे है, जिस कारण छुट्टी पर जा रहे है। वहीं, सीएस शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती ने इसे अपने क्षेत्राधिकार से बाहर का मामला बताया। वहीं, राजपुर व बक्सर विधायक ने इस मामले को बिहार विधानसभा में उठाने की बात कही।

**20 मार्च को वायरल हुआ है वीडियो :** मामले में 20 मार्च को एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि डॉ. अजीत कुमार सिंह आरा स्थित निजी क्लीनिक में मरीजों का इलाज कर रहे है। हालांकि, केशव टाइम्स इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बावजूद वीडियो वायरल होने के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है।

सदर अस्पताल में आईसीयू व्यवस्था शुरू करने के लिए आंदोलन करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हरेकृष्ण यादव ने बताया कि एक मरीज आरा स्थित डॉ. अजीत सिंह के निजी क्लीनिक पर फीस देकर इलाज कराया। इस दौरान मरीज के परिजनों ने वीडियो बनाया है। जिससे स्पष्ट हो रहा है कि डॉक्टर झूठा बहाना बनकर यहां से चले गए है। ताकि आईसीयू की व्यवस्था शुरू नहीं हो सके। आईसीयू खुलवाने की मांग को लेकर शनिवार को हरेकृष्ण यादव सहित कई लोग सदर अस्पताल में पहुंचे थे। सभी की मांग थी कि गरीबों के बेहतर इलाज के लिए यह व्यवस्था यथाशीघ्र शुरू की जाए। वहीं, विभागीय सूत्रों का कहना है कि डॉ. अजित इसके पहले भी विभागीय छुट्टी पर जा चुके है।

**सदन में उठेगा मामला :** सदर अस्पताल में आईसीयू का संचालन के बदले बीमारी का बहाना बना आरा में निजी क्लीनिक चलाने वाले डॉ. अजित कुमार सिंह के संबंध में जब डुमरांव विधायक डॉ. अजीत सिंह कुशवाहा व राजपुर विधायक विश्वनाथ राम से से बात की गई तथा वायरल वीडियो का हवाला दिया गया तो दोनों विधायकों ने इसे बेहद गंभीर मामला बताया और कहा कि इस मामले को विधानसभा में उठा ऐसे लापरवाह डॉक्टरों पर क्या कार्रवाई हो रही है इसका जवाब सरकार व स्वास्थ्य मंत्री से मांगा जाएगा।

#### नहीं मिली है छुट्टी, मेल के माध्यम से दी सूचना

मामले में सिविल सर्जन डॉ. शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती ने बताया कि यह मेरे क्षेत्राधिकार से बाहर का मामला है। जिलाधिकारी के निर्देश डॉ. अजित कुमार सिंह का पदस्थापन सदर अस्पताल में की गई। मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के बाद उन्होंने सिविल सर्जन कार्यालय में छुट्टी का आवेदन दिया था। लेकिन, उनकी छुट्टी स्वीकृत नहीं हुई। इसके बाद से फरार हैं। इस बीच सूचना मिली की वो आरा में क्लीनिक चला रहे हैं। इसके बाद विभाग को इसकी जानकारी दी गई। जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने मेल के माध्यम से बीमारी की जानकारी दी है। हालांकि, विभाग से इन पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

#### स्पाइनल का कराया है ऑपरेशन

वीडियो वायरल होने के संबंध में जब डॉ. अजीत सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं स्पाइनल का ऑपरेशन कराया हूं, जिस कारण अक्सर छुट्टी पर चला जाता हूं। इसी कारण से इस बार भी छुट्टी लिए है। हालांकि इस बात जवाब देने से कतराते रहे कि वह अपने निजी क्लीनिक में मरीजों का इलाज कर रहे थे या नहीं। आईसीयू खोलने के संबंध में कहा कि अन्य डॉक्टर, स्टाफ सहित अन्य जरूरी उपकरण के बारे में वह सिविल सर्जन को जानकारी दें चुके है। जब यह सब पूरा हो जाएगा। तब आईसीयू की व्यवस्था शुरू होगी।

---

## एक नजर

### बक्सर नगर परिषद ने 2025-26 अनुमानित 2,10,57,48,609 रुपये का बजट किया पेश



**बक्सर।** नगर परिषद बक्सर ने शनिवार को वार्षिक बजट सत्र 2025-26 का पेश किया है। बक्सर नगर परिषद ने 2025-26 में आतंरिक राजस्व, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त अनुदानों को मिलाकर कुल प्राप्ति करीब 2,10,57,48,609 रुपये का अनुमान के अनुसार बजट किया गया है। बजट पेश करने के मौक पर नप अध्यक्ष कमरून निशा फरीदी ने कहा कि बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 82 बिहार नगर पालिका लेखा नियमावती 2014 के अध्याय 24 एवं बिहार नगर पालिका का बजट हस्तक 2014 के आलोक में तैयार किया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांती इस वित्तीय वर्ष भी बजट तैयार किया गया है। मुझे इस बजट को प्रस्तुत करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है। इस वर्ष बजट में बहुत सारे नेय योजनाओं का प्रावधान किया गया है। नगर परिषद् बक्सर क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु आवश्यक विकासात्मक योजनाओं का समावेश इस बजट में करने का प्रयास किया गया है, ताकि परिषद क्षेत्र में विकास की जिन अनंत यात्रा को शुरू किया गया है उसे गति दिया जा सके। परिषद् क्षेत्र में वैसे तो बहुत सारे विकास के योजनाओं को शुरू किये जाने का प्रस्ताव इस बजट के द्वारा रखा गया है। जिसके बारे में संक्षेप में जानकारी दी. नगर परिषद अंतर्गत सभी वार्डों के गली एवं पथ का नामांकन, सड़क का नामांकन, दिशा प्रदर्शन साइन बोर्ड हत्यादि की सुविधा प्रदान करने की योजना इस बजट में लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पर्यावरण संक्षित रखने हेतु विभिन्न योजनाओं जैसे जल-जीवन हरियाली योजना के तहत जनमानस में पौधारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए नुकड़-नाटक का भी प्रावधान किया गया है। वायु प्रदुषण को देखते हुए परिषद् क्षेत्र में मशीन से पानी के के छिड़काओं की व्यवस्था भी इस बजट में किया गया है। जिससे हमारे नगर परिषद क्षेत्र के पर्यावरण को प्रदुषण रहित बनाने के साथ-साथ नागरिकों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

---

# राजेश राम का नेतृत्व राज्य में पार्टी को नई दिशा प्रदान करेगी : डॉ. मनोज पांडेय

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय पर शनिवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नव नियुक्त राजेश राम की नियुक्ति पर ज़िलाध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने हर्षोउल्लास के साथ खुशी का इजहार किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व अध्यक्ष आदरणीय डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के कार्यकाल में बिहार कांग्रेस को शक्ति एवं मजबूती मिली है। साथ ही प्रदेश के छोटे से छोटे कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा था। उनके किए कार्यों को भुला नहीं जा सकता।



जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्व. दिलकेश्वर राम के सुपुत्र राजेश राम लंबे समय से संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज युवा सम्राट राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व बिहार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने उन पर विश्वास जताकर बिहार प्रदेश की बागडोर सौंपी है, जो कांग्रेस पार्टी को एक नई दिशा प्रदान करेगी। हम जिला कांग्रेस कमिटी के सभी कर्मठ सिपाही एवं बिहार प्रभारी बिहार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु को इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं कि राजेश कुमार राम के नेतृत्व में बिहार कांग्रेस एक नई ऊंचाई तक पहुंचेगी और 2025 में पार्टी एक नई शक्ति के रूप में उभरेगी। प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य डॉ. प्रमोद ओझा व डॉ. सत्येंद्र ओझा, त्रिलोकी नाथ मिश्रा, अजय यादव, रूनी वर्मा, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय ओझा, कुमकुम देवी, भोला ओझा समेत अन्य शामिल हैं।

### राष्ट्रगान के अपमान के खिलाफ सड़क पर उतरा महागठबंधन

**बक्सर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए महागठबंधन के कार्यकर्ता उनके खिलाफ सड़क पर उतर गए। कार्यकर्ता समाहरणालय रोड स्थित राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय से शनिवार को प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी के बीच अंबेडकर चौक पहुंचे तथा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किए। इस दौरान राष्ट्रगान का अपमान- नहीं सहेगा महागठबंधन एवं थके मुख्यमंत्री गद्दी छोड़ो का नारा लगा रहे थे। राजद जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह के नेतृत्व में आयोजित राज्यव्यापी प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में वामदलों के अलावा महागठबंधन के अन्य पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता शिरकत किए। पिछले दिनों एक सरकारी कार्यक्रम मे राष्ट्रगान के दौरान सीएम नीतीश कुमार के विचित्र तरह के हरकत से महागठबंधन के नेता नाराज थे।

---


### महावीर पूजा की तैयारियों एसडीएम ने अधिकारियों व आयोजकों के साथ की बैठक

# जुलूस मार्ग को छोड़कर पूरे शहर में बिजली और पानी की रहे व्यवस्था : सदर एसडीएम

♦ जुलूस में डीजे व हथियार प्रदर्शन पर रोक

**केटी नयूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले महावीर पूजा को लेकर विधि व्यवस्था संधारण के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आहूत की गई। बैठक में एसडीएम ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।



एसडीएम ने बताया कि तय किया गया कि इस बार महावीर जुलूस में डीजे का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। तेज आवाज से बीमार, बुजुर्ग और बच्चों को परेशानी होने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। एसडीओ ने चेतावनी दी कि निदेशों का उल्लंघन करने वालों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। सदर एसडीएम ने सहायक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि अखाड़ा अवधि में संपूर्ण शहर में बिजली की आपूर्ति बाधित न रहे, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। जिस क्षेत्र में जुलूस एवं अखाड़ा जा रहा हो उस क्षेत्र में ही विद्युत की आपूर्ति पर रोक लगाई जाए। अन्य क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति बाधित नहीं हो।

**रात 10 बजे तक जुलूस को करें समाप्त :** एसडीएम ने कार्यक्रम के आयोजकों से अनुरोध किया कि रात 10:00 बजे तक जुलूस को हरहाल में समाप्त करने का प्रयास करें। ताकि शहरवासियों को बिजली और पानी की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न ना हो। एसडीएम आयोजित को निर्देशित किया कि जुलूस के दौरान घातक हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। खासकर बच्चों और किशोरों को किसी भी सूरत में हथियार लेकर चलने से रोका जाएगा। खासकर किशोर एवं बच्चों के हाथों में इस प्रकार के हथियार न रहे हथियार प्रदर्शन के दौरान अनुशासन बरतें।

**एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां स्टैंड बाई में रहेंगी :** एसडीएम ने आश्वासन दिया गया कि जुलूस एवं अखाड़ा की अवधि के दौरान अनुमंडल परिसर में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां स्टैंड बाई में रहेंगी। एसडीएम ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि पूजा अवधि में मॉडल थाना बक्सर से लेकर सिंडिकेट तक एवं रामरेखा घाट बक्सर से लेकर मठिया मोहल्ला तक ई रिक्शा के चलने पर रोक लगाना सुनिश्चित करें।







## खबरें फटाफट

### लोन नहीं चुकाने वाले दो डिफॉल्टर गिरफ्तार

**सिमरी।** जिले के सिमरी प्रखंड अंतर्गत नियाजीपुर स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा ने ऋण नहीं चुकाने वाले खाता धारकों के प्रति कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें बैंक अधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से नियाजीपुर में प्रत्यूष पाठक पिता शंभू नाथ पाठक एवं शंकर पाठक पिता जगदीश पाठक को तिलक राय थाना के द्वारा यह गिरफ्तारी कराई। इस संबंध में शाखा प्रबंधक ने बताया कि समय पर ऋण चुकाया नहीं करने वालों को शाखा द्वारा कई बार नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया था इसके बावजूद भी ऋण धारकों ने कोई दिलचस्पी नहीं ली इसके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दायर करते हुए 630 लोगों पर सर्टिफिकेट केस निर्गत हुआ है। जिसमें से 180 लोगों पर वारंट गिरफ्तारी का भी केस निर्गत हो चुका है। मौके पर प्रधान कार्यालय से अभिषेक कुमार मुख्य प्रबंधक, वरीय प्रबंधक अविनाश कुमार एवं शाखा प्रबंधक कृष्ण भान केवट सहायक प्रबंधक गौरव कुमार मिश्रा एवं बैंक सहायक अशोक पांडेय मौजूद थे।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**बक्सर।** उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को एक तस्कर के साथ भारी मात्रा में शराब बरामद की है। टीम को यह सफलता उतर प्रदेश को जोड़ने वाला वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट के पास मिली, जिसमें शराब के साथ छपरा के एक तस्कर को दबोचा गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान छपरा जिला के सनहा निवासी पिंटू कुमार के रूप में हुई। वह उतर प्रदेश से बोलेरो में बने गुप्त तहखाना में शराब छिपाकर बक्सर के रास्ते छपरा जा रहा था। उसी समय उत्पाद विभाग की टीम ने बोलेरो को रोककर तलाशी ली। इसमें 576 टेट्रा पैक एवं 97 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 176.43 लीटर है।

## 113वें बिहार दिवस के मौके पर नगर भवन में बोले जिलाधिकारी...

# प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है बिहार





**केटी न्यूज/बक्सर**

113वें बिहार दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने समस्त बक्सर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता, सदर एसडीएम, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तथा कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज यह दिन बिहार के निवासी होने का गर्व करने का दिन है, इसलिए हम सभी को आज के दिवस को पर्व के रूप में मनाना चाहिए। 17 मार्च को बक्सर जिला स्थापना दिवस से लेकर 22 मार्च बिहार दिवस तक जिले का माहौल त्यौहारमय जैसा होता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास हमें बताता है कि यह धरती लोकतंत्र की जननी है। यह ज्ञान, अहिंसा एवं करूणा का पावन स्रोत है। इस राज्य की सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है। बिहार अपने गौरवशाली अतीत और महान संस्कृति के लिए न केवल देशभर में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने बताया कि यह वही बिहार है, जहां नालंदा का विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था, चाणक्य की नीति का सृजन हुआ, महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति हुई, जहां महावीर ने अहिंसा का संदेश दिया, आर्यभट्ट ने शून्य दिया, गुरु गोविंद सिंह ने साहस का प्रकाश दिखाया, जहां सत्याग्रह की शुरूआत हुई, जिसने भारत को प्रथम राष्ट्रपति दिया, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की शहनाई ने पूरी दुनिया में ख्याति प्राप्त की एवं बिहार ने लोकगीतों के माध्यम से सदियों का संस्कार किया गया है।

### ♦ जिलाधिकारी ने जिलेवासियों को दी बधाई, नगर भवन में हुआ भव्य कार्यक्रम

**महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी हैं :** जिलाधिकारी ने कहा कि आज बिहार सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगतिशील है चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि अथवा ग्रामीण एवं शहरी विकास हो। जीविका के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी हैं। बिहार न्याय के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है एवं अपनी लोकहितकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों से राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। दूरदर्शी सुधारों, तेजी से बढ़ते स्टार्टअप परिवेश और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास पर विशेष जोर के साथ, बिहार अपनी आर्थिक संभावनाओं को नया आयाम देने को तैयार है। बक्सर जिले में भी उद्योग के क्षेत्र में कई निवेशकों द्वारा अपना उद्योग स्थापित किया जा रहा है।

**विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन :** बिहार दिवस के अवसर पर बक्सर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत सुबह 07:00 बजे खेलकूद प्रतियोगिता, सुबह 10:00 बजे अनुमंडल स्तर पर क्विज प्रतियोगिता व शाम 07:00 बजे रामरेखा घाट पर गंगा आरती का भी आयोजन किया गया। वहीं, नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इनमें सृष्टि द्वारा एकल डांस, आशीष पांडेय, भावना पांडेय, ओमकार, पूनम यादव, विनय मिश्रा, जितेंद्र कुमार एवं धीरज पांडेय ने एकल गायन, शैलेंद्र एवं अनुराधा द्वारा कथक, रविरंजन चौबे, समूह गायन, अभिषेक द्वारा बांसुरी वादन तथा हीरो जैक्सन द्वार समूह डांस पर प्रस्तुति दी गई। वहीं, विश्व जल दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त बक्सर जिलेवासियों से जल संरक्षण के प्रति अपना योगदान देने पानी को व्यर्थ न करने का अपील की गई। उन्होंने समस्त जिलेवासियों से गौरव के साथ नये भारत के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभाने हेतु अपील की।

## वैश्विक मंच पर चमक रही बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर: एसडीओ




**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को स्थानीय राज उच्च विद्यालय के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ राकेश कुमार, बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, सीओ शमन प्रकाश, ईओ मनीष कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार उपाध्याय व बीपीएम निर्भय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा हुई प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। बिहार दिवस पर आशीष दुबे ने अपने गीत मेरे भारत के कंठहार बिहार.... के द्वारा विकसित बिहार से परिचित कराया। शिक्षक पूणानंद मिश्रा की कविता गौरवशाली बिहार की गाथा ने विकसित बिहार-उन्नत बिहार को फलीभूत किया। साथ ही बाल कलाकार ओमकार दुबे, शुभम पांडेय, विश्वास वर्मा, रितम दुबे, नैना कुमारी, कुमारी ज्योति आदि ने अपनी खूबसूरत प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा बिहार एक ऐसा राज्य जिसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जड़ें प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक फैली हुई हैं, आज अपनी पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित कर रहा है। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर चमक रही है। बिहार दिवस इस गौरवशाली यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो हमें अपनी समृद्ध विरासत का सम्मान करने और एक उन्नत, विकसित बिहार के सपने को साकार करने की प्रेरणा देता है। मौके पर शिक्षक कृष्ण कुमार ओझा, डॉ. संजय रंजन सिन्हा, नवनीत कुमार, उपेन्द्र पाठक, पूणानंद मिश्रा, संजय सिंह, धीरज पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### दावत-ए-इफ्तार में दिखी गंगा जमुनी तहजीब, पकवानों से सजे दस्तरखान



**सिमरी।** प्रखंड के काजीपुर पंचायत स्थित स्थानीय गांव शनिवार को निजी कॉम्पलेक्स के समीप दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इश्क-ए-मोहम्मदिया कमिटी की जानिब से आयोजित इस इफ्तार पार्टी में काजीपुर के अलावा आस-पास के गांवों से में रोजेदार व अन्य समुदाय के लोग जुटे हुए थे। इफ्तार स्थल आम दिनों की अपेक्षा खासा गुलजार दिखा। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने कमिटी की इस पहल की सराहना की। वहीं, देर शाम तक चले इस पार्टी में लोगों ने विभिन्न प्रकार के बने लजीज व्यंजनों व जायके का जमकर लुत्फ उठाया। दावत-ए-इफ्तार को लेकर ग्रामीणों के बीच उत्सुक्ता बनी हुई थी। कमिटी के सदस्यों ने इफ्तार का काफी बेहतर इंतजाम किया था। खाने-पीने के लिए लगी लंबी दस्तखान विभिन्न प्रकार के मौसमी फलों, पेय पदार्थों व लजीज व्यंजनों से पटी हुई थी। नमाज-ए-मगरीब के वक्त जैसे ही मस्जिद में आजान की पुकार हुई, मौजूद सभी लोग इफ्तार खोलना शुरू कर दिए। इस दौरान काजीपुर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हाफिज फरीद आलम ने बताया कि इफ्तार के वक्त रोजेदारों की सभी दुआएं कबूल होती हैं। शाम के वक्त रोजेदार अपने दस्तखान पर इफ्तार तो रखता है, पर अल्लाह के हूक्म के बिना वह इफ्तार नहीं करता। वहीं, समाजसेवी एवं महान शिक्षाविद काजी उजैर आलम ने कहा कि समाज में आपसी सौहार्द व भाईचारा कायम रखने के लिए गांव के युवाओं काफी बेहतर तरीके से इफ्तार पार्टी किया था। ग्रामीणों के सहयोग से उनके द्वारा यह आयोजन हर साल किया जाता है। आयोजन में युवाओं एवं बुजुर्गों की भूमिका सराहनीय रही।

### जन सुराज के प्रदेश कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह ने किया बक्सर का दौरा, दिए कई निर्देश

**बक्सर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जन सुराज पार्टी ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी क्रम मे जन सुराज के प्रदेश कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बक्सर का दौरा किया। इस दौरान उन्होने जिला पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी चुनावों को लेकर चर्चा की और संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाई। बैठक में जिला प्रभारी तथागत हर्षवर्धन, जिला अध्यक्ष जयराम कुशवाह, जिला महिला अध्यक्ष आशु कुमारी श्रीवास्तव, जिला संगठन महासचिव अरविंद पांडेय, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष रेखा कुशवाहा, स्टेट कोर कमिटी सदस्य बजरंगी मिश्रा, बक्सर नगर अध्यक्ष विकास पांडेय, जिला किसान अध्यक्ष दिवाकर पाठक समेत अन्य जिला व प्रखंड पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिला प्रभारी तथागत हर्षवर्धन ने कहा कि 11 अप्रैल को पटना में होने वाली बैठक में बक्सर जिले से बड़ी संख्या में कार्यकताओं और समर्थकों को लेकर जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन सुराज का लक्ष्य बिहार मे एक सशक्त और जनहितकारी सरकार बनाना है, जिसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से काम कर रहे है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जयराम कुशवाहा ने कहा कि बिहार में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संगठन को मजबूत करना जरूरी है। हम सभी जिलों में कार्यकताओं को जोड़ने और जन सुराज की विचारधारा को जनता तक ले जाने का काम कर रहे है। पार्टी पदाधिकारियों ने भरोसा जताया कि जन सुराज बक्सर जिले में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा और जनता के बीच अपनी विचारधारा को मजबूती से प्रस्तुत करेगा।

# विश्व जल दिवस के अवसर पर बच्चों को दी गई जल संरक्षण की जानकारी

### ♦ जल ही जीवन की सार्थकता से रू-ब-रू हुए स्कूली बच्चे



**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोई भी ऐसा जीव नहीं है, जो जल के बिना जिंदा रह सकता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों से लेकर समाजिक कार्यकताओं के द्वारा बच्चों को जल की महत्ता जीवन में कितनी है, विस्तार से बताया गया।

सभी को बताया गया कि जमीन पर तलाब, नहर, आहर व पोखर सूखते जा रहे हैं। इसकी रखवाली नहीं कर उसे और बर्बाद किया जा रहा है। हमें उसे बचाने की जरूरत है, इसके लिये लोगों को जागरूक करना होगा। इसी को लेकर नप जल जीवन हरियाली के ब्रांड एम्बेसडर ने स्कूल बच्चों के बीच अभियान चलाकर जल को संरक्षित कैसे करें बताया।

उन्होंने जल के महत्व को बताते हुए छोटे बच्चों के बीच जल की बबार्दी नहीं करते हुए उसे बचाने के लिये उत्प्रेरित किया। बच्चों ने जल बचाओ जीवन बचाओ की जमकर नारेबाजी कर लोगों को अपनी तरफ आर्षित किया। छोटे बच्चों के इस मुहिम का प्रभाव राह चलते लोगों पर काफी देखा गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाजसेवी विमलेश सिंह ने बताया कि जल का महत्व केवल मानव जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी जीवों के लिए इसकी आवश्यकता है। पेड़-पौधों से लेकर जानवरों तक, हर जीव को अपनी आवश्यकताओं को पूर करने के लिये जल की जरूरत होती है, इसलिए जल संरक्षण के लिये संयुक्त रूप से प्रयास करना होगा। इस मुहिम शिक्षक, शिक्षिका, समाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने हिस्सा लिया।

### पार्किंग व्यवस्था नहीं शहर में लगता है जाम

**डुमरांव।** शहर के अधिकांश बैंक शाखाओं के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। बैंक आने वाले ग्राहक मुख्य सड़कों पर जैसे-तैसे अपने वाहन खड़ा करने को विवश हैं। सबसे अधिक परेशानी चौक रोड की है। जहां एक ही भवन में भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक और पंजाब नेशनल बैंक (ओबीसी) की शाखाएं संचालित है। एक ही परिसर में बैंक शाखा होने से सैकड़ो बैंक ग्राहक अपने कामों को लेकर बाइको से पहुंचते है। जिस वजह से वाहनों की कतारे सड़क पर ही लग जाती है। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। हद तो तब हो जाती है जब दोनों ओर से गाड़ियां आमने सामने खड़ी हो जाए। फिर क्या लंबे समय तक लोगों को मशक्कत करना पड़ता है। जाम के कारण बैंकों के आसपास के दुकानदार अपनी किस्मत को कोसते है। उन्हें व्यवसाय में घटा उठाना पड़ता है। ग्राहक दुकानों पर नहीं पहुंच पाते।










## कस्तुरबा स्मारक शील्ड प्रतियोगिता में शनिवार को हुआ शानदार मैच

# मेजबान पुराना भोजपुर को 3-0 से रौंद फाइनल में पहुंची कोलकाता की टीम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर के खेल मैदान में आयोजित हो रहे कस्तूरबा स्मारक शील्ड प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच शनिवार को मेजबान पुराना भोजपुर कस्तूरबा क्लब व कोलकाता की टीमों के बीच खेला गया।

इस सेमीफाइनल मुकाबले को देखने के लिए दर्शकों से पूरा खेल मैदान भर गया था। स्थानीय टीम होने के कारण लोगों में काफी उत्साह था। सेमिफाइनल मैच का उदघाटन नयाभोजपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार व डॉ. विनोद प्रसाद ने संयुक्त रूप से करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खेल जैसे ही शुरू हुआ दोनों टीम के खिलाड़ियों ने एक दूसरे के गोल पोस्ट पर धावा बोलना शुरू कर दिया। पहली सफालता खेल के 16वें मिनट में कोलकाता को मिली, जब उसके अग्रणी पंक्ति के खिलाड़ियों ने एक मूव बनाते हुए पुराना भोजपुर के गोल पोस्ट की तरफ बढ़ना शुरू किया। आपसी तालमेल करते हुए गोल पोस्ट तक पहुंच पहला गोल दाग कोलकता ने 1-0 की बढ़त बना ली।

मध्यांतर के बाद खेल में और जान आ गया, एक गोल से पिछड़ने के बाद पुराना भोजपुर की टीम गोल उतारने के लिये कई प्रयास की, लेकिन कोलकाता टीम की रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पायी। इधर खेल के 50वें मिनट में कोलकाता की टीम ने मूव बनाते हुए रक्षा पंक्ति को भेदते हुए एक मैदानी गोल दाग अपनी बढ़त को 2-0 कर दिया। इधर पुराना भोजपुर टीम के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई असान मौके गंवा दिये। इनके खिलाड़ियों का निशाना भी गोल की तरफ सही नहीं था। वहीं कोलकता के खिलाड़ियों का जो भी मूव बनता था, उन्हें कामयाबी मिलती थी। खेल के अंतिम क्षणों में कोलकाता की अग्रणी पंक्ति के खिलाड़ियों ने मूव बनाते हुए पुराना भोजपुर के रक्षा पंक्ति को भेदते हुए एक मैदानी गोल दाग बढ़त को 3-0 पहुंचा दिया जो निर्णायक साबित हुआ। इस तरह से पुराना भोजपुर को हरा कर कोलकाता की टीम फाइनल में प्रवेश कर गई।

इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव के समीप शनिवार की सुबह घटी घटना

# आरा में दो ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर, ट्रक चालक की मौत



केटी न्यूज/आरा

बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव के समीप शनिवार की अहले सुबह दो ट्रको की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में यूपी निवासी ट्रक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के मईल थाना क्षेत्र के गोहरिया गांव निवासी खेदन प्रजापति का 40 वर्षीय पुत्र मार्कण्डेय कुमार प्रजापति है एवं वह पेशे से ट्रक चालक था। इधर उसी ट्रक के खलासी गोलू कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात ही वे दोनों ट्रक पर बालू लोड करने को लेकर देवरिया से इमादपुर थाना

### ♦ पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

क्षेत्र के बिहटा गांव स्थित बालू घाट जा रहे थे। उसी दौरान बिहटा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमें उसके ट्रक चालक मार्कण्डेय कुमार प्रजापति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके पश्चात उसके द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी दुर्गावती देवी, छह पुत्री काजल,शिबू ,खुशी, अर्चना,सलोनी प्रति एवं एक पुत्र शिव कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी दुर्गावती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सिकन्दर हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार



आरा। शहर टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज कोल्ड स्टोरेज के समीप घटित गोलीबारी और हत्या के मामले में पुलिस ने एक और नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गोलू उर्फ अर्जुन ठाकुर,बिंद टोली , उजियार टोला मोहल्ला का निवासी है। जिसकी जानकारी एसपी राज ने दी है। बता दें कि होली के दिन पन्द्रह मार्च की रात नौ बजे बिंद टोली निवासी घायल शुभम यादव अपने साथी उजियार टोला निवासी दसई राम एवं सिकंदर उर्फ अजय शंकर के साथ बाइक से अपने घर खाना-खाने के लिए जा रहे थे कि रास्ते में तीनों को गोली मारी गई थी ।जिसमें पच्चीस हजार के इनामी सिकंदर की मौत हो गई थी। घायल शुभम के बयान पर हुई प्राथमिकी में प्राथमिकी संजू ठाकुर के अलावा कैलाश ठाकुर, सुरज ठाकुर गोलू ठाकुर उर्फ अर्जुन एवं हिमांश शर्मा उर्फ यश को नामजद आरोपित किया गया था। प्राथमिकी में घायल का आरोप है कि सभी आरोपित अवैध शराब का धंधा करते है। इस दौरान उसके खेत में भी शराब रखते थे। जिसका विरोध उसने किया था। कई बार खेत में अवैध शराब रखने को लेकर नोकझोंक भी हुई थी। आरोपित पुलिस बुलाकर शराब पकड़वाने का भी आरोप लगाते थे। आरोप है कि पुलिस द्वारा अवैध शराब पकड़े जाने को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है ।इससे पूर्व पुलिस ने इस कांड में बिंद टोली , उजियार टोला मोहल्ला निवासी संजू ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## बीपीआरओ ने प्रखंड प्रमुख के पति पर दर्ज कराई एफआईआर

केटी न्यूज/सासाराम

सासाराम में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी नन्दकेश्वर लाल वरूण ने थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने प्रखंड प्रमुख रूपा देवी के पति और भाजपा नेता सन्नी देओल चंद्रवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बीपीआरओ के अनुसार, जब वे सासाराम से दूसरे कार्यालय जा रहे थे, तब प्रखंड प्रमुख के पति और उनके साथियों ने कार्यालय के बाहर उनके साथ मारपीट की। आरोपियों ने सरकारी योजना में मनमानी को लेकर जाति सूचक अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने सरकारी काम में बाधा डालते हुए गाली-गलौज भी की। बता दें कि भाजपा के सन्नी देओल चंद्रवंशी पूर्व जिला महामंत्री है। फिलहाल, वो पार्टी के किसी पद पर नहीं है। बीपीआरओ ने अपनी शिकायत में जान के खतरे की बात भी कही है। उन्हें धमकी दी गई कि केस करने पर बुरे परिणाम भुगतने होंगे। सासाराम नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने एफआईआर की पुष्टि करते हुए जांच शुरू कर दी है। भाजपा नेता सन्नी देओल ने सभी आरोपों को नकारा है।

## रोहतास में बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

केटी न्यूज/रोहतास



रोहतास में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान तिलौथू थाना क्षेत्र के मिजार्पुर की है। जहां एक बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में सनोज कुमार उर्फ बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में ट्रैक्टर का पहिया सनोज के सिर पर से गुजर गया। मृतक इंद्रपुरी के शंकरपुर का रहने वाला था। वह अपने ससुराल से बाइक से लौट रहा था। सनोज अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। परिजनों के अनुसार, सनोज दूसरे राज्यों में मजदूरी करता था। वह होली की छुट्टी पर घर आया हुआ था। ससुराल से वापस लौटते समय घर के नजदीक ही मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेजा गया है।

## सासाराम नगर निगम के नए आयुक्त बने विकास कुमार

**सासाराम।** बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विकास कुमार ने सासाराम नगर निगम के नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया है। वे इससे पहले पूर्णिया में पंचायती राज के उप निदेशक के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। विकास कुमार ने शहर की प्रमुख समस्याओं जैसे सड़क जाम, पार्किंग, अवैध अतिक्रमण और ऑटो स्टैंड के मुद्दों पर समीक्षा कर रणनीति बनाने की बात कही। इससे पहले आईएएस निर्मल कुमार को नगर आयुक्त बनाया गया था। उन्होंने पदभार नहीं संभाला और उनका स्थानांतरण राज्य बीज निगम लिमिटेड में प्रबंधक के पद पर कर दिया गया। पिछले नगर आयुक्त यतेंद्र पाल के स्थानांतरण के बाद अगस्त 2024 से यह पद रिक्त था।

## राष्ट्रगान के अपमान के खिलाफ राजद ने सीएम नीतीश का किया पुतला दहन

केटी न्यूज/आरा



राष्ट्रगान को लेकर विवाद बढ़ता दिख रहा है। आरा में अंबेडकर चौक पर राजद ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। पटना में खेल कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यवहार को लेकर विवाद गहरा गया है। गुरुवार को पटना में सेपक टकरा विश्व कप के उद्घाटन के दौरान जब राष्ट्रगान गाया जा रहा था तब नीतीश कुमार के बगल में खड़े अधिकारी को रोकने टोकने का वीडियो सामने आया था। कार्यक्रम के दौरान जब राष्ट्रगान बज रहा था, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ताली बजाने लगे और असामान्य प्रतिक्रिया देने लगे। राजद कार्यकताओं का आरोप है कि मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में थे। पुतला दहन के कार्यक्रम के दौरान राजद के कार्यकताओं ने हाथों में पार्टी के झंडा के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुतला को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में दर्जनों राजद कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष बीरबल यादव ने कहा कि जो राष्ट्रगान का सम्मान नही करे उन्हे कुर्सी पर रहने का कोई अधिकार नही हम मांग करते है कि नितीश कुमार का स्वास्थ्य बुलेटिन जारी करे सरकार। हमारे नेता तेजस्वी जी पहले ही भविष्यवाणी कर दिए है कि बिहार के मुखिया का मानसिक संतुलन सही नही है,नितीश कुमार जी बिहार के लम्बे अरसे से मुख्यमंत्री है कम से कम राष्ट्रगान का महत्व को समझना चाहिए इनसे बिहार संभल नही रहा है अविलंब इस्तीफा देना चाहिए। युवा राजद अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने सरकार को आड़े हाथ लिए और कहा कि नीतीश सरकार मे दलित, पिछड़ा हाशिए पर है, जो राष्ट्रगान का अपमान करे उन्हे कुर्सी पर रहने का कोई अधिकार नही।

आरा के रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम

# बिहार दिवस-25 का भोजपुर में भव्य आयोजन सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक

केटी न्यूज/आरा



वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान में बिहार दिवस 2025 का भव्य आयोजन हुआ। यह महोत्सव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार विधान परिषद सदस्य राधा चरण सेठ, जिला परिषद अध्यक्ष भोजपुर, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया और अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ के बाद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों में लगाए गए स्टॉल का भ्रमण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, जीविका, बिजली, पशुपालन, समाज कल्याण, सूचना एवं जनसंपर्क, स्वच्छता विभाग और महिला हेल्पलाइन सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट और क्राफ्ट की अनूठी आकृतियां एवं चित्र दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने इस अवसर पर जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों से परिचय सत्र का आयोजन हुआ, जहां डीएम ने उनकी हौसला अफजाई की।

उन्होंने कहा कि भोजपुर जिले की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकती हैं, बशर्ते उन्हें सही मार्गदर्शन और सुविधाएं मिलें। जिला प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा ताकि खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम के दौरान जिले के 25 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा, खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, कबड्डी, खो-खो और वुशु जैसे रोमांचक खेल शामिल रहे। साथ ही, चित्रांकन, पेंटिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।






## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू परिवहन के खिलाफ हाईवा चालक पर एफआईआर

**रांची, एजेंसी।** रांची जिला प्रशासन बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ा रुख अपना रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की रात डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के आदेश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास छापेमारी की। इस दौरान, परिवहन चालान की जांच करने के लिए एक बालू लदे हाईवा (संख्या जेएच01- डीएन0894) को रोकने की कोशिश की गयी। लेकिन चालक सोनाहातु की ओर भाग गया। जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन की टीम ने सिल्ली थाना में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। चालक पर सरकारी काम में बाधा डालने और खनन से जुड़े नियमों के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध खनन की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि इसे पूरी तरह से रोका जा सके।

### गणगौर पूजा एक अप्रैल को, अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

**रांची, एजेंसी।** गणगौर व्रत को सौभाग्य तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन सुहागिन पति की लंबी उम्र और अपने सुख-सौभाग्य के लिए व्रत करती हैं। हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को गणगौर का त्योहार मनाया जाता है। पंडित मनोज पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि गणगौर तीज का व्रत एक अप्रैल को रखा जाएगा। तृतीया की शुरुआत 31 मार्च को शाम 4 ।42 बजे शुरू हो जाएगी। गणगौर तीज के दिन ही भगवान शिव ने माता पार्वती और पार्वती ने महिलाओं को सौभाग्यवती का वरदान दिया था। इस दिन का खास महत्व है। सुहागिनें व्रत धारण से पहले रेणुका (मिट्टी) की गौरी की स्थापना करती हैं और उनका पूजन किया जाता है।

### डीसी-एसपी ने आदित्यपुर में ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट का किया उदघाटन

**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर-कांड्रा मुख्य मार्ग पर आदित्यपुर आकाशवाणी चौक से गम्हरिया थाना तक नौ स्थानों पर लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। डीसी रविशंकर शुक्ला व एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट का शुभारंभ किया। सड़क सुरक्षा व सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जेडआर समूह ने अपने सीएसआर फंड से ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट लगवाया है। ट्रैफिक लाइट सिग्नल की नई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए आयडा भवन में औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों व सिविल सोसायटी के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक हुई। इसमें सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक लाइट सिग्नल पोस्ट व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए गए। साथ ही पूरे क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया।

### 500 साल पुराने राधा कृष्ण की मूर्ति चोरी, शिकायत दर्ज

**रामगढ़, एजेंसी।** रजरप्पा थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हो गयी हैं। लगातार चोरी की घटना से लोग सहमे हैं। चोरों का सॉफ्ट टारगेट मन्दिर में रखे दान पेटी एवं कीमती मूर्ति बन गयी है। ताजा मामला चितरपुर प्रखण्ड के मारंगमरचा पंचायत स्थित सोंढ गांव का है। जहां बने वर्षों पुराना ठाकुर बाड़ी मंदिर में गुरुवार रात्रि असामजिक तत्वों द्वारा मंदिर में स्थापित लाखों रुपए की मूर्ति की चोरी कर ली गयी है। जिससे ग्रामीणों में रोष है ग्रामीणों ने थाना में आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है। आवेदन में बताया की अष्टधातु से बने लगभग 500 वर्ष पुराना राधा कृष्ण का मूर्ति जो लाखों की कीमत की थी, जिसे असामजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में रोष देखने को मिल रहा है। रजरप्पा स्थित दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में बीते 8 मार्च की मध्य रात्रि को मंदिर प्रक्षेत्र के छह मंदिरों के दानपेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने बंद दानपेटी में रखे हजारों रुपये की चोरी कर ली थी। इस बाबत मंदिर स्थित कुमुद प्रीता साधना आश्रम के मैनेजर अजय कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। आवेदन के अनुसार मैनेजर अजय कुमार का कहना है की मंदिर प्रक्षेत्र के छह मंदिरों के दानपेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सारे रुपये ले उड़े थे।

# प्याज लदे वाहन में बंगाल से बिहार ले जायी जा रही थी शराब, दुमका पुलिस ने दबोचा



**दुमका, एजेंसी।** झारखंड-पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित दुमका जिले के शिकारीपाड़ा अंतर्गत चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस ने शराब की खेप को बरामद किया है। प्याज लदे पिकअप के अंदर से भारी मात्रा में शराब के केन बरामद किए हैं। मौके से पिकअप के साथ ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दरअसल, बिहार नंबर का एक पिकअप वैन पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले अंतर्गत रामपुरहाट की ओर से आ रहा था। झारखंड सीमा के चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस को देखते ही वह तेज रफ्तार से भागने लगा। इसी क्रम में वह अनियंत्रित होकर कुछ किलोमीटर दूर जाकर कालीपाथार गांव के समीप पलट गया।

पिकअप वैन में प्याज लोड था। लेकिन पुलिस को शक हुआ। वाहन की जब तलाशी ली गई तो उसमें काफी संख्या में बियर के केन बरामद किए गए। पुलिस गाड़ी को जब्त कर शिकारीपाड़ा थाना ले आई।

इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि यह बियर बिहार की ओर ले जाया जा रहा था। इसमें चालक अमरेश चौरसिया जो बरौनी का निवासी है, उसे गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि एएसआई सोमाय किस्कू के बयान पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरफ्तार वैन चालक को जेल भेजा जा रहा है।

नशे के खिलाफ दुमका पुलिस की लगातार दूसरे दिन इस तरह की कार्रवाई हुई है। एक दिन पहले गुरुवार को भी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोरटंगा गांव में एक किराने की दुकान में छापेमारी की गई थी। किराना दुकान की आड़ में नशीले पदार्थों के कारोबार की सूचना पुलिस को मिली थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लगभग 30 हजार रुपए का गांजा बरामद किया था।

## नशा के खिलाफ चलाएं अभियान, युवाओं को करें जागरूक-डीसी



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो डीसी विजया जाधव ने शुक्रवार को नेशनल नार्कोटिक्स को-ऑर्डिनेशन (एनकोर्ड) कमेटी के साथ बैठक की। बैठक में एसपी मनोज स्वर्गियारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने जिला के युवाओं व किशोरों को नशा से दूर रखने के लिए सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया। नशीली वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए सिविल सर्जन के प्रतिनिधि व ड्रग इंस्पेक्टर को कारगर कदम उठाने का निर्देश दिया। कहा कि संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर नशा के सौदागरों पर कार्रवाई करें। डीईओ व डीएसई को अलग-अलग स्तरों पर कार्यशाला आयोजित कर युवाओं व विद्यार्थियों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी विभागों के आंतरिक सूचना तंत्र को विकसित करने को कहा। कृषि पदाधिकारी को क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने, नशीले पदार्थों की खेती पर रोक लगाने के लिए सतर्कता बढ़ाने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता मो। मुमताज अंसारी, चास एसडीओ प्रांजल ढांडा, बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, सीटी डीएसपी आलोक कुमार, ड्रग निरीक्षक, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीएसई



## टाटा वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस पलामू से चले, पलामू सांसद ने केंद्रीय रेलमंत्री से रखी मांग

**पलामू, एजेंसी।** केंद्रीय बजट में टाटा से वाराणसी तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलने की घोषणा की गई है। इस वंदे भारत एक्सप्रेस को पलामू के रास्ते चलानेकी मांग की जा रही है। फिलहाल पलामू के रास्ते सप्ताह में एक दिन रांची से पटना वंदे भारत एक्सप्रेस चलती है।

पलामू से भाजपा सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू समेत पूरे झारखंड में कई रेल परियोजनाओं एवं ट्रेनों को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की है। इस दौरान पलामू सांसद ने वंदे भारत एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस को लेकर भी कई मांग रखी है।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय रेलवे मंत्री से टाटा वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को पलामू के रास्ते चलने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटा, रांची, लोहरदगा और पलामू के रास्ते चले। इस रेड रूट पर बेहद ही कम ट्रेन है वंदे भारत एक्सप्रेस चलने से इलाके को लोगों को काफी फायदा होगा।

पलामू सांसद ने कहा है कि गया शेरघाटी इमामगंज डालटनगंज रेल परियोजना का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए। कम प्राथमिकता के कारण इस परियोजना का काम रुका हुआ है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान से अधूरे बरवाडी चिरमिरी अंबिकापुर रेल लाइन का भी निर्माण कार्य जल्द किया जाए इस रेल लाइन के बन जाने से कोलकाता से मुंबई की दूरी बेहद कम हो जाएगी।सांसद ने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं का डीपीआर बनकर तैयार है।

## एक्शन में कृषि मंत्री: ओलावृष्टि से फसल नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने का दिया निर्देश



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में तेज हवा, मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ साथ ओलावृष्टि से फसल को नुकसान पहुंचा है। इस स्थिति को देखते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर के सभी पांच प्रखंड सहित राज्य भर में बारिश और ओलावृष्टि से फसल की हुई नुकसान का आकलन कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है।वहीं राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने वज्रपात और ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान का बहुत जल्द मुआवजा भुगतान का आश्वासन दिया है।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान को लेकर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी से वार्ता की है। फसल नुकसान को लेकर कृषि मंत्री के निर्देश पर मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडों के अधिकारियों ने आकलन शुरू कर दिया है।

मांडर विधानसभा क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद कृषि मंत्री ने अधिकारियों को फसल नुकसान का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। प्रखंड और अंचल के पदाधिकारियों को तीन दिनों के अंदर जिला मुख्यालय में फसल नुकसान के आकलन से संबंधित रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश और ओलावृष्टि में खेत में लगी फसल को भारी नुकसान की शिकायत लगातार मिल रही है। रिपोर्ट के आधार पर किसानों को उनके फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया गया है। आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वस्त किया है कि बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के फसल नुकसान का सरकार बहुत जल्द उचित मुआवजा भुगतान करेगी। 20 मार्च की शाम से ही रांची और आसपास के इलाकों में मेघ गर्जन और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश के साथ साथ कई इलाकों में ओलावृष्टि हुई है। शुक्रवार शाम से ही रांची जिले के कई भाग में हो रही बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में लगी किसानों के फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।ऐसे में रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जिला के सभी को अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में फसलों को हुए नुकसान का समस्त आकलन करने और मुआवजा भुगतान के लिए जरूरी कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

## दुमका में सड़क दर्घटना में दो मजदूर की मौत, बेकाबू ट्रैक्टर पलटने से हुआ हादसा



**दुमका, एजेंसी।** जिला में सरैयाहाट थाना क्षेत्र के गादीझोपा गांव के पास सड़क दुर्घटना हुई है। छड़ से लदे एक ट्रैक्टर के पलटने से उसमें सवार दो मजदूर की मौके पर ही मौत हो गयी।

ट्रैक्टर पलटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। इसमें एक मजदूर जीतलाल टुडू (20 वर्ष) गादीझोपा गांव का ही रहने वाला था। जबकि दूसरा मजदूर महेश सोरेन (21 वर्ष) बिहार के बांका जिला के जयपुर थाना के पंचरूखी गांव का रहने वाला था। इस दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ताराचंद अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। इधर, मृतक के परिजन ट्रैक्टर के मालिक को घटनास्थल पर बुलाने के लिए अड़ गए। हालांकि मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी परिजनों को काफी समझा-बुझाकर दोनों शवों को उठाकर थाना ले आए और पोस्टमार्टम के लिए पीजेएमसीएच दुमका भेज दिया गया। साथ ही ट्रैक्टर को छड़ समेत जब्त कर थाना ले आयी।

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर सरैयाहाट थाना क्षेत्र के गादीझोपा गांव के हीरा चौधरी की है। जिसमें दोनों मजदूर काम करते थे। आज शुक्रवार को दोनों मजदूरों की सहायता से ट्रैक्टर में छड़ लोड किया गया था। इसके बाद छड़ लोड ट्रैक्टर को सरैयाहाट की ओर लाया जा रहा था। इसी दौरान चंपागढ़ के पास सामने से तेज गति से आ रही एक पिकअप वैन के चकमा देने पर ट्रैक्टर के चालक ने अपने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे एक गड्ढे में जाकर पलट गयी।इस हादसे में दोनों मजदूर ट्रैक्टर के नीचे दब गए। ट्रैक्टर का चालक घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। ट्रैक्टर पलटने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने दोनों दबे हुए मजदूर को काफी मशक्कत के बाद निकाला लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

इस हादसे में जान गंवाने वाला मजदूर महेश हांसदा सरैयाहाट से सटे झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित पंचरुखी गांव का निवासी था। वह अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। दो वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। इस घटना की जानकारी मिलने पर सरैयाहाट थाना पहुंची उसकी मां और पत्नी उसके शव को देख बार बार बेसुध हो रही थी। मौके पर पहुंचे परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से महिलाओं में आक्रोश, कार्यालय का लगा रहीं चक्कर



**पाकुड़, एजेंसी।** मंईयां सम्मान योजना के हजारों लाभुकों को इन दिनों बैंक खाते में सहायता राशि नहीं पहुंचने के कारण मानसिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए मंईयां सम्मान योजना के सैकड़ों लाभुक प्रतिदिन प्रखंड क्षेत्र ही नहीं बल्कि समाहरणालय का भी चक्कर लगा रहे हैं, बावजूद इसके उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है और न ही बैंक खाते में राशि पहुंच रही है।मंईयां सम्मान योजना के लाभुक व लाभुक की पात्रता वाली महिलाएं, जिनमें 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी युवतियां शामिल हैं, प्रतिदिन कंप्यूटर ऑपरेटर कक्ष के सामने घंटों कतार में खड़े रहने को विवश हैं। लाभुकों को आधार नंबर को बैंक खाते से लिंक कराने के लिए प्रखंड क्षेत्र कार्यालय के साथ ही बैंकों में भी जाना पड़ रहा है, जबकि कुछ को पूर्व में जमा किए गए फॉर्म में पाई गई त्रुटियों को ठीक कराने के लिए जाना पड़ रहा है।

महिलाओं ने बताया कि प्रखंड कार्यालय व बैंकों में वे सुबह आठ बजे से ही आ जाती हैं। एक महिला ने बताया कि उनके बैंक खाते में नवंबर माह के बाद मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं आई है। इससे लाभुकों में सरकार के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश है। इस मामले का आश्चर्यजनक पहलू यह है कि प्रखंड से लेकर जिला तक के अधिकारी कैमरे के सामने कुछ भी बोलना नहीं चाहते हैं। समाज कल्याण विभाग के आंकड़े के मुताबिक, मंईयां सम्मान योजना के तहत पाकुड़ जिले के 1 लाख 72 हजार 381 लाभुकों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेजी गई ताकि उनकी आर्थिक सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा मिलता रहे।कई महिलाओं का कहना है कि दिसंबर 2024 तक इस योजना का लाभ उन्हें मिला, जिससे उन्हें काफी खुशी हुई थी, लेकिन सरकार द्वारा आर्थिक सहायता राशि ढाई हजार रुपये प्रतिमाह करने के बाद उनके बैंक खाते में राशि आनी बंद हो गई तो बैंकों समेत प्रखंड अंचल कार्यालय के साथ-साथ समाहरणालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।मार्च 2025 तक जिले में 1 लाख 20 हजार लाभुकों के बैंक खाते में राशि पहुंच चुकी है तथा शेष लगभग 52 हजार लाभुकों को राशि भुगतान की प्रक्रिया चल रही है।

## रांची के डोरंडा में फायरिंग, तीन युवकों को लगी गोली



**रांची, एजेंसी।** डोरंडा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात जेल में बंद एक अपराधी के गुर्गों ने आपसी विवाद के बाद फायरिंग कर दी, इस गोलीबारी में तीन युवकों को गोली लगी है, इलाके में तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### मारपीट के बाद फायरिंग

रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बेलादर मोहल्ले में दो गुटों में झड़प के बाद फायरिंग की गई है। जिसमें तीन लोगों को बुलेट्स लगी हैं, वहीं कई अन्य घायल भी हुए है। स्थानीय लोगों के द्वारा छह लोगों के गोलीबारी में घायल होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस ने तीन लोगों के गोलीबारी में घायल होने की बात कही है।

घायलों में इमरान, तबरेज, नदीम और अंजुम शामिल हैं। गोलीबारी में घायल हुए इमरान नाम के युवक ने बताया कि जेल में बंद अपराधी अली के गुर्गों के द्वारा फायरिंग की गई है। इमरान के अनुसार अली के गुर्गों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी, मामला थाने तक भी पहुचा था। लेकिन विवाद नहीं थमा। इसी मामले के बाद दोनों गुट शुक्रवार रात आपस मे भिड़ गए। जिसमे अली के लोगो ने फायरिंग कर दी। रमजान की वजह से डोरंडा के बेलादर मोहल्ले में देर रात होने के बाद भी चहल पहल थी, लेकिन फायरिंग के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। इसमें भी कुछ लोग घायल हुए हैं।

### पुलिस ने शुरू की छापेमारी

मामले की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी, हटिया डीएसपी, डोरंडा थानेदार, चुटिया थानेदार, लोअर बाजार थानेदार सहित भारी संख्या में बल ने पूरे बेलादर मोहल्ले को घेर लिया। गोलीबारी में शामिल होने के शक में एक दर्जन से ज्यादा को पुलिस ने रात में ही हिरासत में ले लिया है। सबसे पूछताछ चल रहा है। पुलिस इलाके में कैम्प कर रही है।

रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि आपसी विवाद के बाद फायरिंग की गई है जिसमें तीन लोगों को गोलियां लगी हैं, एक व्यक्ति के सीने में गोलियां लगी हैं। अब तक की जानकारी में तीनों ही सेफ हैं। सिटी एसपी ने कड़े लहजे में कहा कि फायरिंग करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नही जाएगा।

# गिरफ्तारी के डर से देवघर से भागकर सिमडेगा में छिपे थे, पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**सिमडेगा, एजेंसी।** सदर थाना पुलिस को शुक्रवार को बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों साइबर अपराधी देवघर के रहने वाले हैं। बीते कुछ दिनों से साइबर अपराधी सिमडेगा में भाड़े पर घर लेकर रहते थे। अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची के प्रतिबिंब पोर्टल में उल्लेखित संदिग्ध मोबाइल नंबर का टीवर लोकेशन कई दिनों से भट्टीटोली सिमडेगा के आस-पास सक्रिय था।

सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक सौरभ के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में टीम गठित कर संदिग्ध आरोपियों के विरूद्ध छापेमारी करने का निर्देश दिया गया था। छापेमारी दल के साथ



तकनीकी सेल की मदद से घटनास्थल के समीप पहुंच कर गुप्त रूप से पूछताछ करने पर पता चला कि भट्टीटोली निवासी जैद आलम के मकान में देवघर के तीन लोग कुछ महीने से रह रहे हैं। जिनकी भूमिका संदिग्ध लगती है। गठित छापेमारी दल के साथ मकान मालिक से संपर्क करते हुए उनके आवास में रह रहे तीनों संदिग्ध आरोपियों के विरुद्ध छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से प्रतिबिंब पोर्टल में उल्लेखित संदिग्ध मोबाइल नंबर, अन्य पांच मोबाइल और अलग से चार सिम कार्ड बरामद किया गया।

मोबाइलों की जांच पड़ताल करने पर अलग-अलग तरीके से साइबर ठगी करने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। पूछताछ में आरोपियों के द्वारा बताया गया कि देवघर में गिरफ्तारी होने के डर से सिमडेगा में रह कर लोगों को मोबाइल फोन से झांसे में लेकर ठगी करने का काम करते थे।

गिरफ्तार आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत लोगों को योजनाओं का लाभ देने को लेकर झांसे में लेते थे और उनसे ओटीपी प्राप्त कर बैंक खातों से पैसों की निकासी कर लेते थे। आरोपियों ने बताया कि देवघर में गिरफ्तारी होने के डर से सिमडेगा जिला में रह कर घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों ने बताया कि देवघर के रहने वाले सुभाष दास से साइबर ठगी करने का काम सीखे हैं। लोगों को जाल में फंसा कर ओटीपी लेकर अलग-अलग एप्लीकेशन के माध्यम से पैसे की निकासी करते हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देवघर के मधुपुर थाना अंतर्गत लखनुवा के 25 वर्षीय रतन दास, 21 वर्षीय बास्की दास और देवघर के ही मधुपुर थाना अंतर्गत केसरगढ़ के 32 वर्षीय जितेंद्र दास के रूप में हुई है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक भिखारी राम, पुलिस अपर निरीक्षक मनीष कुमार के साथ कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## सुभाषितम्

जीवन का रहस्य भोग में स्थित नहीं है, यह केवल अनुभव द्वारा निरंतर सीखने से ही प्राप्त होता है। - स्वामी विवेकानंद

## वर्मा मामले को छिपाने की तैयारी

दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर में करोड़ों रुपए की नगदी एक कमरे में रखी हुई मिली है। जिसके कारण दिल्ली हाईकोर्ट और न्यायपालिका में हडकम्प की स्थिति बनी हुई है। किसी भी जज के घर से इतनी बड़ी मात्रा में पहली बार करोड़ों रूपयों की नगदी प्राप्त हुई है। होली के दिन जब जज साहब घर से बाहर गए हुए थे। उस समय उनके घर पर आग लगी। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, उसने आग बुझाने का काम किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने एक कमरे में नगदी रखी देखी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया था, जिससे बाद में मुकर जाने की बात सामने आई है। पिछले कई दिनों से सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी होने के बाद भी, इस मामले को दबाकर रखा गया था। सुप्रीमकोर्ट की कॉलेजियम द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने की अनुशंसा की गई है। उसके बाद जज के घर से करोड़ों रुपए मिलने का समाचार सार्वजनिक हुआ। केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से इस मामले को लगभग 5 दिनों तक छिपाए रखा, उस पर भी सवाल उठे हैं। पिछले कुछ वर्षों से न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को लेकर कई बार आरोप-प्रत्यारोप लगते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने भी समय-समय पर न्यायपालिका के भ्रष्टाचार तथा केंद्र सरकार द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों के डोजियर बनाने की बात सार्वजनिक तौर पर कही जाती रही है। कॉलेजियम द्वारा जजों के नाम की अनुशंसा, नियुक्ति और ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर पिछले दो-तीन वर्षों से सरकार और न्यायपालिका के बीच विवाद की स्थिति समय-समय पर देखने को मिल रही थी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों द्वारा सरकार के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई करने में आनाकानी करने, सरकार के दबाव में निर्णय करने जैसे आरोप वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा समय-समय पर लगाए गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर करोड़ों रुपए जप्त होने की बात कही जा रही है। इसकी अधिकृत सूचना ना तो सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा दी गई है। नाहि सरकार ने अभी तक इसकी पुष्टि की है। यशवंत वर्मा अपने कई फैसलों को लेकर विवादों में रहे है। लोकसभा चुनाव के पहले आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के बैंक खातों को सीज कर दिया गया था। वर्मा ने कांग्रेस की याचिका बिना सुनवाई तुरंत खारिज कर दी थी। उनके यहां से जो भी फैसले हुए हैं। वह सरकार की इच्छा के अनुरूप हुए हैं। वर्मा की अदालत से आयकर संबंधी मामलों का निराकरण हुआ है। जिसमें करोड़ों रूपयों का विवाद था। इस तरह की बातें न्याय जगत में चचाओं में हैं। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने यशवंत वर्मा का ट्रांसफर करने की अनुशंसा इस मामले को रफा-दफा करने का प्रयास माना जा रहा है। उसकी तीव्र प्रतिक्रिया न्याय जगत में देखने को मिल रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट बार में भी कॉलेजियम द्वारा की गई अनुशंसा को अपर्याप्त माना जा रहा है। न्यायपालिका मे व्याप्त भ्रष्टाचार की चर्चा सारे देश में हो रही है। न्यायमूर्ति वर्मा के घर से करोड़ों रुपए की जो राशि बरामद हुई है। उसके बाद उनके द्वारा पारित आदेशों की न्यायिक समीक्षा की बात भी देशभर में जोर-जोर से हो रही है। जजों द्वारा जो फैसले दिए जाते हैं। उनकी स्वतंत्र एजेंसी से न्यायिक समीक्षा कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों द्वारा सिलेक्टेड मामलों की सुनवाई की जाती है। कई वर्षों से याचिकाएं लंबित पड़ी हुई हैं, उनकी सुनवाई लंबित रखी गई हैं। लंबित याचिकाओं में एक बहुत बड़े समूह या करोड़ों लोगों के हित जुड़े होते हैं। अदालतों से आधे-अधूरे फैसले दिये जा रहे है। पहली बार न्यायपालिका एक ऐसे मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है, जहां उसकी विश्वसनीयता पर संकट खड़ा हो गया है। भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका का हमेशा से विशिष्ट स्थान रहा है। न्यायपालिका की साख जिस तरह से गिर रही है। वह भारतीय संविधान और लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत है।

## चिंतन-मनन

### प्रार्थना की पुकार

यदि प्रार्थना सच्ची हो तो परमपिता परमेश्वर उस प्रार्थना को जरूर ही सुनते हैं। परमपिता परमेश्वर अत्यंत कृपालु और दयालु हैं, परंतु प्रार्थना के लिए भी हृदय का पवित्र और निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। मन का पवित्र होना, अहंकार और अभिमान से रहित होना नितांत आवश्यक है। ऐसे पवित्र-हृदय-अंतः करण से उत्पन्न हुए भाव ही प्रार्थना हैं। हृदय की पवित्रता का अर्थ है अपने आपको सांसारिक तुच्छ विषय-वासनाओं की आसक्तियों से मुक्त कर लेना। सब तरह की आसक्ति से रहित होना ही हृदय की पवित्रता है। किसी तपस्वी ने ठीक ही कहा है- सच्चे-वास्तविक जीवन को पाने की आकांक्षा उत्पन्न होना ही प्रार्थना है। हमारे भीतर हृदय में जिसकी खोज होगी, भीतर जिस चीज को पाने की प्यास होगी- तो, ही हम उस दिशा में जा सकेंगे। प्रार्थना होती है आत्म बोध से। आत्मबोध में ही परमार्थ की प्यास जगती है और तुच्छ स्वार्थी का परित्याग होता है। प्रार्थना है- परिपूर्ण समर्पण, अपने अहंकार के बोझ को अपने सिर से उतार फेंकना और उसके पावन चरणों में अपना सिर झुका देना। जो प्रभु की कृपाएं और उनका अनुग्रह चाहता है उसे चाहिए कि वह किसी से भी किसी तरह का वैर-विरोध न करे। वह सत्य बोले, वह असत्य, छल-कपट, निंदा-चोरी आदि से हमेशा दूर रहे। अपनी इंद्रियों पर हमेशा संयम रखे, किसी भी प्रकार का लोलुप-लालची न हो। वह कभी अहंकार अभिमान न करे, शत्रु-द्वेष को छोडकर मन को शुद्ध पवित्र रखें। प्रार्थना की शक्ति बहुत ही अद्भूत है। वह भगवान को भक्त का उद्धार करने के लिए अवश्य ही बाध्य कर देती है, परंतु प्रार्थना सच्ची हो, हृदय से हो। भगवान ने प्रार्थना मीरा की सुनी, बुद्ध की सुनी, उन सबकी सुनी जिन्होंने परहित के लिए उन्हें याद किया। वह हर मानव मन में चल रहे भाव-कुभाव को अच्छी तरह से जानते हैं। अतः उसके समक्ष जब भी जाएं, शुद्ध भाव रखें।

# भारत-अमेरिका के संबंध अच्छे, पर टैरिफ एक बाधा

- किशन सनमुखदास भावनानीं



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश को ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने से किसी न किसी रूप में चाहे वह आर्थिक, अवैध नागरिकता समस्या, टैरिफ, अमेरिकी फर्स्ट इत्यादि अनेकों एक्शन से दुनियाँ में तहलका मचा हुआ है। दुनियाँ भर की इकोनॉमीज में बवाल मचा हुआ है। ट्रंप ने मैक्सिको से लेकर चीन और कनाडा तक टैरिफ वॉर छेड़ा है, वहीं 2 अप्रैल में वह भारत के खिलाफ भी टैरिफ लगाने की बात कह चुके हैं।इस बीच अमेरिका में आने वाले महीनों में मंदी की आशंका गहराती जा रही है। अगर इन दोनों का पेच ज्यादा गहराता है तो भारत के सबसे ज्यादा बढ़ने वाला बिजनेस पर गंभीर नकारात्मक असर पढ़ सकता है। परंतु मेरा मानना है कि इन सब एक्शन से हालांकि अनेकों देशों पर नेगेटिव असर होगा,तो अमेरिका भी इसे अछूता नहीं रहेगा क्योंकि वहां भी मंदी के बादल छाए हुए हैं। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने से एक बड़ा वर्ग बाधित होगा।अन्य देशों से आने वाली वस्तुओं पर टैक्स बोझबढ़ने से महंगी हो जाएगी, जबकि घरेलू वस्तुएं ऑलरेडी ही महंगी है, तो सबसे पहले उसका उपयोग या उपभोग होगा, जिसका असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर जरुर पड़ेगा जो रेखांकित करने वाली बात है। आज यह मुद्दा हम इसलिए उठा रहे हैं, क्योंकि दिनांक 20 मार्च 2025 को भारतीय समय अनुसार देररात्रि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया कि उनके भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध तो है,परंतु अड़चन यह है कि भारत टैरिफ किंग है, दुनियाँ में उच्च टैरिफ वाले देशों की सूची में भारत मुख्य स्थान पर है, इसीलिए ट्रंप ने भारत को अल्टीमेटम दिया है कि,यदि टैरिफ कम नहीं किया गया तो 2 अप्रैल 2025 से अमेरिका भारत पर भी रेंसिप्रोकल टैक्स लगा देगा,जिसके दूरगामी नकारात्मक असर का दोनों देशों को भुगतना पड़ेगा। भारत में खासकर आईटी क्षेत्र में इसका अधिक असर पड़ेगा, हालांकि अन्य क्षेत्रों में भी असर पड़ने की पूरी संभावना है, इसलिए भारत को चाहिए कि एक रणनीतिक व्यवस्था के तहत सभी पहलुओंको ध्यान मेंरखकर निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को अमेरिका से राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, अच्छे व्यापारिक संबंध बनाए रखनें, विवादों से बचने विजन 2047 को रेखांकित कर सटीक निर्णय लेने की आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी वेबसाइट से दिनांक 20 मार्च 2024 को देर रात्रि हुई बातचीत की करें तो, ट्रंप ने कहा है कि भारत से साथ बहुत अच्छे संबंध होने के बावजूद एकमात्र समस्या यह है कि भारत दुनियाँ में सबसे अधिक सीमा शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है, इसके साथ ही ट्रंप ने दो अप्रैल से भारत से होने वाले आयात पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अपनी धमकी भी दोहराई। ट्रंप ने अमेरिकी समाचार वेबसाइट के साथ साक्षात्कार में भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा के दौरान यह बात कही।अमरीकी राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत की ओर से जल्दी ही उनके देश के सामानों पर टैरिफ कम करने का फैसला हो सकता है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में यह बात कही है। ट्रंप ने एक तरफ भारत के टैरिफ कम करने का भरोसा जताते हुए धमकी भी दी है। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि भारत, अमरीकी सामान पर लगने वाले टैरिफ को कम करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत ऐसा नहीं करता है, तो दो अप्रैल से उनकी सरकार भी भारत पर उतना ही टैरिफ लगाएगी, जितना भारत द्वारा लगाया जाता है। ट्रंप ने भारत की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्क की बार-बार आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि भारत बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है,वह अतीत में भी भारत को टैरिफ किंग करार दे चुके हैं।पिछले महीने व्हाइट हाउस में पीएम के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान भी ट्रंप ने कहा था कि भारत सीमा शुल्क के मामले में बहुत सख्त रहा है। ट्रंप ने मार्च की शुरूआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में काफी कटौती करने पर सहमत हो गया है। हालांकि, वाणिज्य सचिव ने 10 मार्च को एक संसदीय समिति को बताया था कि इस बारे में बातचीत अभी जारी है और भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है ऐसी जानकारीआई।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत-पश्चिम एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारे पर टिप्पणी करने की करें तो उन्होंने कहा, भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर को लेकर कहा कि इससे विरोधी देशों का मुकाबला करने में मदद मिलेगी।पीएम के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके बेहद अच्छे संबंध हैं। भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। हालांकि मेरा मानना है कि भारत उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहा है ,क्योंकि हम भी दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं। ट्रंप ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप- आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में कहा कि यह अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने वाले दूसरे देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं.ट्रंप ने कहा, हमारे पास व्यापार में साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है। हालांकि, हम उन साझेदारों को बुरा व्यवहार करने की अनुमति नहीं दे सकते लेकिन हम अपने दुश्मनों के साथ कई मायनों में अपने दोस्तों की तुलना में कहीं बेहतर बर्ताव करते हैं।उन्होंने कहा,यह अद्भुत देशों का एक समूह है जो उन देशों का मुकाबला कर रहा है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।भारत का आईटी उद्योग और एक्सपोर्ट भारत की आईटी इंडस्ट्री हर साल 280 अरब डॉलर से अधिक काएक्सपोर्ट करती है. वहीं ये देश में करोड़ों लोगों के लिए रोजगार भी जेनरेट करती है। भारत के आईटी उद्योग के एक्सपोर्ट ऑर्डर का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका से ही आता है। वहीं अमेरिकी कंपनियों के लिए आउटसोर्स करने में भी भारत के इंजीनियर्स आगे हैं। भारत के कुल आईटी एक्सपोर्ट रेवेन्यू का करीब 50 प्रतिशत अमेरिका से ही आता है।

# छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस पर मचा सियासी बवाल: भाजपा और कांग्रेस में बयानों की जंग

-सत्यप्रकाश दुबे




छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस के आयोजन को लेकर सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक बयान ने इसे भाजपा और कांग्रेस के बीच तीव्र विवाद का रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल के सिद्धांत से जोड़ते हुए राष्ट्रीय एकता का प्रतीक मानते हैं, जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और अन्य नेताओं ने इसे भाजपा के नेताओं की चापलूसी करार दिया है। इस विवाद ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में नया मोड़ लिया है, जिससे भाजपा और कांग्रेस के बीच बयानबाजी का दौर और तीव्र हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिहार दिवस के आयोजन को लेकर जो बयान दिए हैं, उन्होंने इसे एक राष्ट्रीय एकता और समरसता का प्रतीक मानते हुए यह बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारत और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल जैसे नारे की भावना के अनुरूप है। साय ने मीडिया से बात करते हुए कहा, आज बिहार का स्थापना दिवस है और इस अवसर पर ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह एक स्नेह मिलन का कार्यक्रम है, जिसमें बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच सद्भावना और भाईचारे को बढ़ावा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है कि हम सब साथ चलें, हर किसी को विकास का अवसर मिले और किसी को भी विश्वास की कमी न हो। मुख्यमंत्री साय का यह बयान न केवल एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है, बल्कि उन्होंने इसे राजनीतिक दृष्टि से भी सही ठहराया। उनका कहना था कि इस आयोजन का उद्देश्य राज्य की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधताओं को सम्मान देना है, और इसे एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। वे यह भी कहते हैं कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के लोगों और बिहार के लोगों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन को क्षेत्रीय राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता और साझा विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के इस आयोजन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री साय क्या बिहार के मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ दिवस मनाने के लिए पत्र लिखेंगे? यदि यह आयोजन इतनी ही महत्वपूर्ण बात है तो बिहार के मुख्यमंत्री को भी छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के बारे में सोचने के लिए पत्र भेजना चाहिए। यह आयोजन सिर्फ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की चापलूसी करने के लिए किया गया है। दीपक बैज ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने यह आयोजन सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए किया है और यह छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए नहीं, बल्कि भाजपा के नेताओं के लिए किया गया है। उनके मुताबिक, यह आयोजन छत्तीसगढ़ के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक तरीका है और इसे केवल राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। बैज ने यह भी कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ छत्तीसगढ़ और बिहार के बीच भाईचारे को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की स्थिति को मजबूत करना है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा के राष्ट्रीय नेता इसे छत्तीसगढ़ में अपने राजनीतिक लाभ के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस विवाद के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को दशार्ता है, जबकि कांग्रेस इसे पूरी तरह से एक राजनीतिक आयोजन मान रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ और बिहार के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, कांग्रेस का आरोप है कि इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की असल समस्याओं से ध्यान भटकाना और भाजपा के नेताओं के प्रति निष्ठा दिखाना है। भाजपा का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य एक साझा विकास के तहत दोनों राज्यों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करना है। भाजपा के नेताओं का यह भी कहना है कि यह आयोजन बिहार राज्य के साथ छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को प्रोत्साहित करने का एक उत्तम तरीका है। उनका यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री ने इसे बिहार के लोगों और छत्तीसगढ़ के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया है, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस के आयोजन पर मचा सियासी बवाल राष्ट्रीय राजनीति के परिपेक्ष्य में एक बड़ी बहस का हिस्सा बन चुका है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी जारी है, और यह विवाद भविष्य में राजनीति के एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में उभर सकता है। भाजपा इसे राष्ट्रीय एकता और समृद्धि का प्रतीक मान रही है, जबकि कांग्रेस इसे राजनीतिक लाभ का आरोप मानती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ की जनता का क्या रुख होता है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह विवाद सिर्फ छत्तीसगढ़ की राजनीति को ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति को भी प्रभावित कर सकता है, क्योंकि इसके जरिए भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए अपने-अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। अंततः, यह विवाद छत्तीसगढ़ की राजनीतिक में नये माहौल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## कर्नाटक में कांग्रेस का फैसला संविधान के खिलाफ

- प्रभुनाथ शुक्ल

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ठेकेदारी में मुस्लिम आरक्षण का बिल आखिरकार शुक्रवार को शोर शराबे और हंगामे के बाद में राज्य विधानसभा में पारित कर दिया। मुख्य विपक्षी भाजपा के कड़े विरोध के बाद भी सरकार अपने फैसले और हौसले पर अडिग दिखी।सरकार निर्माण क्षेत्र में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण लागू करने का फैसला किया है। इसके लिए कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट यानी केटीपीपी अधिनियम में संशोधन की गई है।

यह प्रस्ताव सबसे पहले 2024 में चर्चा में आया जब सिद्धारमैया सरकार ने मुस्लिम समुदाय को ठेकेदारी में आरक्षण देने की संभावना पर विचार शुरू किया। मार्च 2025 में बजट पेश करते समय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी आधिकारिक घोषणा किया था। सरकार का दावा है कि इस तरह के आरक्षण से सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त करने और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। जबकि सरकार की असली मंशा मुस्लिम वोटरों पर है। फिलहाल भजपा बिल के खिलाफ अदालत का रुख करेगी या आंदोलन के जरिए हिन्दुओं का ध्रुवीकरण करेगी यह वक़्त बताएगा।

सरकार इस कानून के जरिए मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है। फिलहाल आम गरीब मुस्लमानों को इस कानून से कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। क्योंकि किसी भी सरकारी टेंडर लेने के लिए अच्छी खासी पूँजी होनी चाहिए। सरकार इस तरह का कानून लाकर एक तीर से कई निशाना साधना चाहती है। कांग्रेस को लेकर वह मुसलमानों में एक सहानुभूति पैदा करना चाहती है। दूसरी तरफ सरकार के बेहद करीबी संबंध रखने वाले दौलतमंद मुस्लिमों को बेहतर मौका देना चाहती है। मुस्लिम मतों को हमेशा अपने पाले में रखने के लिए यह तुष्टिकरण की सबसे उम्दा नीति है। जबकि यह संविधान विरोधी है।

राज्य में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने इसे संविधान के खिलाफ बताते हुए अदालत में जाने का फैसला किया है। भजपा का आरोप है कि संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का विकल्प नहीं है। धार्मिक आधार पर आरक्षण दिए जाने का खुद बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर ने विरोध किया था। आगरा में बौद्ध धर्म ग्रहण करने के बाद उन्होंने खुद कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद हमें अब आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी ने इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया है और दावा किया है कि यह संविधान के खिलाफ है, क्योंकि भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तेजस्वी सूर्या ने इसे असंवैधानिक और वोट-बैंक की रणनीति बताते हुए इसे दलित और पिछड़े वर्ग के हितों के खिलाफ बताया है। जबकि राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने साफ किया है कि यह आरक्षण केवल मुस्लिमों के लिए नहीं, बल्कि सभी अल्पसंख्यक और पिछड़े समुदायों के लिए है, हालांकि विवाद मुख्य रूप से मुस्लिम कोटा पर केंद्रित है। क्योंकि हमारे संविधान में धार्मिक आधार पर आरक्षण का कोई प्राविधान नहीं है।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** करियर के मामले में दिन अच्छा है और आपके सभी कार्य सरलता से पूर्ण हो जाएंगे। | **तुला** आज दिन शुभ है और आपके लिए धन में वृद्धि होगी। आपकी संपत्ति बढ़ेगी। |
| **वृषभ** आज बहुत व्यस्त रहेंगे और आपके तरक्की के योग बनेंगे। भागदौड़ करते समय सावधान रहें। | **वृश्चिक** हर कार्य में सावधानी बरतने की सलाह है। आपका मन कुछ अशांत और परेशान रहेगा। |
| **मिथुन** आज फिजूलखर्ची से बचना चाहिए, अगर आप किसी बीमारी से परेशान हैं। | **धनु** आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपके ज्ञान और विद्या में वृद्धि होगी। |
| **कर्क** भाग्य का साथ मिलेगा और आपके लिए सफलता के योग बने हैं। मेहनत का फल अच्छा मिलेगा। | **मकर** लाभ होगा आपकी हर योजना मन के अनुसार पूर्ण होगा। कुछ ऐसे खर्चे भी आ सकते हैं। |
| **सिंह** किसी कारण से मानसिक अशांति और उदासी के कारण आप परेशान हो सकते हैं। | **कुंभ** आज भाग्य साथ देगा और आपका मन नई-नई चीजें खोजने में लगा रहेगा। |
| **कन्या** अपने मुश्किल काम पूरे कर पाएंगे और आपके जीवन में तरक्की के योग बनेंगे। | **मीन** आज अच्छी खबर है और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको मानसिक शांति बनी रहेगी। |

## विशेष

### कांग्रेस ने भी पंजाब के विधायकों की बैठक दिल्ली में बुलाई

जब अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के आम आदमी पार्टी विधायकों की बैठक दिल्ली में बुलाई थी। उस समय कांग्रेस ने बड़ी आलोचना की थी। लेकिन अब कांग्रेस के पंजाब प्रभारी छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पंजाब कांग्रेस विधायकों की बैठक दिल्ली में बुलाई है। इस पर कांग्रेस के ही कई नेता याद दिला रहे हैं। जब आम आदमी पार्टी ने अपने विधायकों की बैठक दिल्ली में बुलाई थी। तब कांग्रेस उसके बारे में विरोध कर रही थी। आज कांग्रेस भी उसी रास्ते पर चल रही है। कांग्रेस के प्रभारी को यदि पंजाब की हालत समझनी है। तो उन्हें भी पंजाब आना होगा। दिल्ली से बैठकर राजनीति पंजाब की करेंगे तो पंजाब कांग्रेस का भगवान ही मालिक है।

### नागपुर का दंगा एक संयोग है या प्रयोग

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र और पूरे देश में एक नया प्रयोग हो रहा है। महाराष्ट्र का सबसे शांत शहर नागपुर माना जाता है। यहां पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय भी है। जब भारत स्वतंत्र हुआ था। देशभर में दंगे हुए थे,तब भी नागपुर में दंगा नहीं हुआ था। अब नागपुर में औरंगजेब की कब्र को लेकर दंगा हुआ है। नागपुर में औरंगजेब की कब्र भी नहीं है। यह दंगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भारतीय जनता पार्टी का नया प्रयोग है? क्या यह दंगा मात्र एक संयोग है। इसको लेकर देशभर में चर्चा हो रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास बाबरी मस्जिद, अयोध्या, काशी और मथुरा हैं।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1664 : तुर्की और रोम के बीच युद्ध समाप्त हुआ। 1787 : तुर्की ने रूस के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1842 : ब्रिटेन में बाल श्रमिकों को खान के भीतर काम करने से रोकने के लिए कानून बना। 1874 : अमरीकी राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर का जन्म। 1894 : राष्ट्रपति वी.वी.गिरी का जन्म। 1904: बोर्टआर्थर के पाए जापानी नौ सेना ने रूसी बेड़े को तबाह कर दिया। 1913 : बाल्कन युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर हुए. 1944 : फ्रांस ने आस्ट्रिया हंगरी के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1945: द्वितीय विश्व युद्ध में जापान ने आत्मसमर्पण की पेशकश की। 1962 : निरस्त्रीकरण के किसी समझौते की शर्त के रूप में अमरीकी निरीक्षण की योजना को सोवियत संघ ने ठुकरा दिया। 1979 : भारतीय उपग्रह रोहिणी आर एस.1 का श्री हरिकोटा से असफल परीक्षण।

## दैनिक पंचांग

**23 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.10 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृष | 08.50 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.48 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 13.02 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 15.18 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.41 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.55 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.11 बजे से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | मकर | 02.16 बजे से |
| | | कुंभ | 04.03 बजे से |
| | | मीन | 05.36 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 82 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 05.39 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वरीयान 17.59 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 17.37 बजे तदनन्तर गर 05.39 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01°02' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872292 **जूलियन दिन** 2460757.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 22 **विशेष** शहीद दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# ट्रैवलिंग में बनाएं करियर, मिलेगा देश-दुनिया भर में घूमने का मौका

**अगर आपको घूमने का शौक है और इसी फील्ड में करियर बनाने की सोच रहे हैं, तो आप ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री से रिलेटेड कुछ कोर्स कर सकते हैं।**

एक समय था कि सब को डॉक्टर और इंजीनियर फील्ड में ही जाना पसंद होता था,लेकिन अब दौर बदल चुका है। दरअसल, अब वो स्टीरियोटाइप का दौर लगभग खत्म हो गया है, जहां बच्चों के करियर के लिए उसके पेरेंट्स ही निर्णय लेते थे। आजकल ऐसा नहीं रह गया है। अब बच्चे अपनी पसंद के हिसाब से करियर को चुनते हैं। ऐसे में, आज हम बात कर रहे है कि ट्रैवलिंग में करियर बनाने की। अगर आप घूमने का शौक रखते हैं, तो आप इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं ट्रैवलिंग से जुड़े कोर्सेज के बारे में, जिन्हें आप कर सकते हैं।

### ट्रैवल से जुड़े कोर्स क्या-क्या हैं

आप किसी भी विषय में 12वीं पास करने के बाद बीए इन टूरिज्म मैनेजमेंट, बीबीए इन ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, बीएससी इन हॉस्पिटैलटी एंड ट्रेवल मैनेजमेंट जैसे कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा, आप टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में पीजीडीएस भी कर सकते हैं। इतनी ही नहीं, आप टूरिज्म में एमबीए कर सकते हैं।

### ट्रैवल संबंधित कोर्स के लिए कॉलेज

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, ग्वालियर
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टूट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, हैदराबाद
- केरल इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल स्टडीज, तिरुवनंतपुरम
- सेंटर फॉर टूरिज्म स्टडीज, पुडुचेरी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट, थाणे

### कोर्स के बाद कैसा होगा करियर

जब आपका टूरिज्म कोर्स हो जाए तो आप किसी भी अच्छी कंपनी से इंटर्नशिप करके जॉब के लिए अप्लाई कर सकती हैं। इनमें, ट्रेवल एजेंट, टूर गाइड, टूरिज्म मैनेजर, ट्रेलव एडमिनिस्ट्रेशन, टूरिज्म ऑफिसर, ट्रेवल स्पेशलिस्ट, हॉलिडे एडवाइजर, ट्रेवल कंसल्टेंट, कस्टमर सर्विस मैनेजर आदि शामिल हैं। मार्केट में कई ऐसी कंपनियां हैं, जो टूर पैकेज प्लान करती है। इस फील्ड मे आपके शुरुआती सैलरी के तौर पर 15 से 20 हजार रुपये तक मिल सकते हैं। वर्क एक्सपीरियंस के आधार पर आपकी सैलरी के साथ पोस्ट भी बढ़ेंगे, जिससे आप आगे चलकर लाखों में कमा सकते हैं।



# अगर आप एयर होस्टेस बनने का ड्रीम देखते हैं तो जानें पूरी डिटेल्स

**ज्यादातर लड़कियों का सपना होता है कि एयर होस्टेस बनने का होता है। अगर आप एयर होस्टेस बनने का ड्रीम देखते हैं तो जान लीजिए पूरी डिटेल्स। एअर इंडिया में अगर आप भी एयर होस्टेस की नौकरी करना चाहते हैं, तो जान लें सैलरी।**

हर लड़की का सपना होता है कि वह एयर होस्टेस बने। अगर आप भी एयर होस्टेस बनना चाहते हैं तो जान लीजिए इसकी शैक्षिणक योग्यता और कितनी सैलरी होती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि एअर इंडिया के फ्रेशर एयर होस्टेस की सैलरी कितनी होती है।

### शानदार जॉब

इंडिया में सबसे ज्यादा एयर होस्टेस का कोर्स पसंद किया जाता है। अधिकत्तर लड़कियों का सपना होता है फ्लाइट अटेंडेंट बनने का, अगर आप यह कोर्स करना चाहती है तो जान लीजिए इससे संबंधित जानकारी। एयर होस्टेस करियर के साथ सैलरी के लिहाज से भी शानदार जॉब है।

### कितनी होती है एयर होस्टेस की सैलरी

आमतौर पर लड़कियों का सवाल होता है कि एअर इंडिया के एयर होस्टेस को कितनी सैलरी मिलती है और क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है। अगर आपको नहीं पता है कि एअर इंडिया के एयर होस्टेस की सैलरी कितनी होती है तो चलिए आपको बताते हैं।

फ्रेशर को मिलते हैं इतने रुपये

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक एयर होस्टेस की सैलरी प्रतिमाह 40000 से 50000 रुपये होती है। लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। वहीं, फ्लाइट अटेंडेंट की क्वालिफिकेशन की बात करें तो अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एविएशन मीं ग्रेजुएट होना चाहिए।





### फिजिकल क्राइटेरिया

एयर होस्टेस के लिए डिग्री से ज्यादा अभ्यर्थी की कद काठी मायने रखता है। कैंडिडेट की लंबाई कम से कम 5 फीट 2 इंच होनी चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष और अधिकतम वायु 26 साल होनी चाहिए। वहीं एयर होस्टेस के फिटनेस टेस्ट में आंखों की रोशनी भी चेक की जाती है। कमजोर आई साइट वाले यहां योग्य नहीं माने जाते हैं।



# एसईओ एक्सपर्ट बनकर कमाएं लाखों रुपये

**एसईओ एक्सपर्ट बनकर युवा कमा रहे हैं लाखों रुपये। इस करियर में कमाई के ढेरों अवसर मिलेंगे। 2030 तक 20 लाख युवाओं की होगी जरुरत। चलिए आपको बताते हैं एसईओ क्या है और कैसे बनेगा इसमें करियर।**

डिजिटल युग में आज यूथ के लिए कमाई के ढेरों अवसर मौजूद हैं। इन्हीं में सबसे पॉपुलर विकल्प है सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ)। यह आज के समय में सबसे ज्यादा डिमांड में है। 90 प्रतिशत होटल्स की बुकिंग एसईओ के कारण ऑनलाइन हो रही है। वहीं, सर्च इंजन पर कोई उत्पाद सर्च कर रहे 51 प्रतिशत एसईओ की वजह से ई-कॉमर्स साइट पर जाते हैं। दरअसल, जब आप ऑनलाइन ऑडर और फिर दवाइयों के लिए हर बार गूगल सर्च इंजन पर पहले पेज पर आने वाली कंपनियों को ज्यादा अटेंशन मिलची है। रिचर्स के अनुसार, कंपनियां मार्केटिंग के बजट में से 26 प्रतिशत रकम एसईओ पर खर्च कर रही हैं। 2030 तक एसईओ 1600 करोड़ की हो जाएगी और इसमें 20 लाख से अधिक युवाओं की जरुरत होगी।

### एसईओ एक्सपर्ट बनने की पात्रता

10 वीं पास युवा एसईओ का प्रशिक्षण ले सकते हैं।

### क्या होती है फीस

आमतौर पर एसईओ के एडवांस पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थान एडवांस कोर्स के लिए 50 हजार रुपये तक चार्ज करते हैं। इससे भी कम रुपये में भी कई संस्थान प्रशिक्षण ले सकते हैं।

### नौकरी में अवसर

गौरतलब है कि ऑन पेज, ऑफ पेज और टेक्निकल एसईओ ज्यादा प्रचलित हैं। लेकिन आज के समय मे प्रोडक्ट पेज एसईओ, कंटेंट एसईओ और वॉइस सर्च एसईओ भी पॉपुलर हो गए हैं। इन सभी में एक्सपर्ट युवाओं को बड़ी आसानी से किसी भी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में फुल टाइम काम मिल जाता है।

### क्या सैलरी होती है?

- एसईओ विशेषज्ञ - 25 हजार
- कंटेंट स्ट्रेटिजिस्ट - 50 हजार
- टेक्निकल एसईओ मैनेजर - 60 हजार
- लिंक बिल्डिंग विशेषज्ञ- 18 हजार
- लोकल एसईओ विशेषज्ञ- 40 हजार
- ई कॉमर्स एसईओ मैनेजर - 80 हजार
- एसईओ कंसल्टेंट- 40 हजार
- एसईओ डेटा एनिलस्ट - 30 हजार
- एसईओ ट्रेनर- 35 हजार
- एसईओ मैनेजर - 60 हजार





फूड प्रोसेसिंग कंपनियों में हमेशा ही फूड फ्लेवरिस्ट की डिमांड बनी रहती है। इसके अलावा आप चाय, कॉफी या वाइन इंडस्टी में भी काम की तलाश कर सकते हैं। कुछ फ्लेवरिस्ट कई फूड प्रॉडक्शन कंपनियों के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

# फूड प्रोसेसिंग कंपनियों में हमेशा बनी रहती है फूड फ्लेवरिस्ट की डिमांड

किसी भी फूड आइटम को खाने से पहले एक बात जो सबसे पहले दिमाग में आती है वो है कि उस चीज का स्वाद कैसा होगा। यकीनन भोजन के दौरान पोषण का ख्याल रखा जाता है, लेकिन किसी भी फूड आइटम के न्यूट्रिशन वैल्यू से भी ज्यादा जरूरी होता है उसका टेस्ट। अगर हेल्दी चीज का टेस्ट अच्छा ना हो तो लोग उससे दूरी बनाते हैं। वहीं टेस्टी आइटम की तरफ बच्चों से लेकर बड़ों तक का झुकाव देखा जाता है। वैसे तो कई तरह के फूड आइटम का अपना एक नेचुरल टेस्ट होता है। लेकिन कुछ चीजों में टेस्ट डेवलप किया जाता है और इसे डेवलप करने का काम करते हैं फूड फ्लेवरिस्ट। तो चलिए जानते हैं इस अनोखे कॅरियर के बारे में

### क्या होता है काम

फूड फ्लेवरिस्ट का मुख्य काम भोजन व अन्य प्रॉडक्ट्स के लिए फ्लेवर को डेवलप करना होता है। एक व्यक्ति द्वारा प्रतिदिन खाए जाने वाले आहार में एक बड़ा हिस्सा कृत्रिम स्वाद का भी होता है। जो इन्हीं पेशेवरों द्वारा विकसित किए जाते हैं। एक फूड फ्लेवरिस्ट आलू के चिप्स लेकर आईसक्रीम तक में फ्लेवर को डेवलप करने का काम करते हैं।

इस पेशे का सबसे चुनौतीपूर्ण पहलू यह है कि न केवल स्वाद बढ़ाने के लिए एक स्वादवादी सामग्री और रसायनों का उपयोग भोजन को स्वादिष्ट बनाना चाहिए, बल्कि इसे भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को भी पूरा करना चाहिए। साथ ही यह मानव उपभोग के लिए सुरक्षित होना चाहिए। इसलिए एक फूड फ्लेवरिस्ट तरह-तरह के स्वाद डेवलप करने के दौरान कई तरह की सावधानियां बरतते हैं।

### व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट्स कहते हैं कि इस क्षेत्र में भविष्य देख रहे छात्रों में टेस्ट व स्मेल के सेंस की गहरी भावना होनी सबसे जरूरी है। साथ ही उनमें नई महक व टेस्ट को अनुभव करने की उत्सुकता होनी चाहिए। फ्लेवरिस्ट को एक टीम में रचनात्मक, सहज, प्रेरित, समर्पित और काम करने में सक्षम होना चाहिए। धैर्य और प्रयोग करने की इच्छा भी महत्वपूर्ण है। डेटाबेस, स्प्रेडशीट, सॉफ्टवेर्यस आदि को संभालने के लिए किसी के पास कंप्यूटर कौशल होना चाहिए। उन्हें भोजन की संरचना की सामान्य समझ भी होनी चाहिए।

इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए आपको बीएससी या एमएससी इन केमिस्टी या बायोकेमिस्टी होना चाहिए। इसके अलावा फूड टेक्नोलॉजी की बेसिक जानकारी आपको अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। इस क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्र रसायन विज्ञान या जीव विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं और फिर फूड साइंस में मास्टर्स कर सकते हैं।

### संभावनाएं

फूड प्रोसेसिंग कंपनियों में हमेशा ही फूड फ्लेवरिस्ट की डिमांड बनी रहती है। इसके अलावा आप चाय, कॉफी या वाइन इंडस्टी में भी काम की तलाश कर सकते हैं। कुछ फ्लेवरिस्ट कई फूड प्रॉडक्शन कंपनियों के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं। इतना ही नहीं, वे उत्पादों के लिए विशिष्ट जायके का उत्पादन करने में मदद करने के लिए एक कंपनी को परामर्श सेवाएं भी प्रदान कर सकते हैं। एक फूड फ्लेवरिस्ट के लिए अवसर सिर्फ फूड इंडस्टी तक ही सीमित नहीं है। वर्तमान में, टूथपेस्ट, पेय पदार्थ, दवाएं, डिशवाशिंग तरल पदार्थ, सौंदर्य प्रसाधन आदि जैसी वस्तुओं के उत्पादन में भी इनकी जरूरत महसूस की जाती है। इसलिए फ्लेवरिस्ट के पास उन कंपनियों में भी काम के अवसर मौजूद हैं जो त्वचा की क्रीम, सौंदर्य प्रसाधन, हेयर केयर प्रॉडक्ट आदि का निर्माण करते हैं।

## अंबानी की झोली में आई एक और कंपनी, 383 करोड़ रुपये की है डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरबपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की झोली में शिपिंग कारोबार से जुड़ी कंपनी आ गई है। रिलायंस ने शुक्रवार (21 मार्च) को बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एनटीपीएल) ने वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड से नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड (एनएसपीएल) का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इसके तहत करीब 383 करोड़ रुपये में 74 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया गया है।



### क्या है रिलायंस का कहना

रिलायंस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि इस ट्रांजैक्शन के साथ नौयान शिपयार्ड प्राइवेट, रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी बन गई है। अधिग्रहण से पहले रिलायंस की सब्सिडयरी नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड को ?93.66 करोड़ का अनसिक्योर डेब्ट दिया था। जुलाई 2021 में एनएसपीएल वजूद में आई थी। इस कंपनी का गुजरात में रिलायंस के दाहेज विनिर्माण परिसर के पास 138 एकड़ भूमि के पट्टे के अधिकार हैं। रिलायंस की योजना सॉल्ट मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग निर्माण और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण सहित औद्योगिक इंफ्रा स्ट्रक्चर के लिए भूमि को विकसित करने की है।

## 19वीं बार डिविडेंड देने जा रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट 5 दिन के बाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने एक बार फिर से डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी 19वीं बार अपने योग्य निवेशकों के बीच डिविडेंड बांटने जा रही है। जिसका ऐलान कंपनी ने शुक्रवार यानी 21 मार्च को किया था। नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड रिकॉर्ड डेट का भी फैसला कर दिया है। जोकि इसी महीने है।

### अगले हफ्ते है रिकॉर्ड डेट




एक्सचेंज को दी जानकारी में नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 90 प्रतिशत का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी हर शेयर पर योग्य निवेशकों को 9 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने इस डिविडेंड के लिए 27 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। जोकि अगले हफ्ते है। बता दें, कंपनी 19वीं बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने जा रही है।

**2006 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर-** नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने एक बार निवेशकों को बोनस शेयर भी दिया है। कंपनी ने 2006 में 2 शेयर पर 3 शेयर बोनस दिया था। हालांकि, यह पहली और आखिरी बार था जब कंपनी ने बोनस शेयर दिया था।

## रिपोर्ट का दावा- भारत दिग्गज देशों को पीछे छोड़ने की राह पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में खपत लगातार बढ़ रही है। देश की कुल जीडीपी में 56 फीसदी का योगदान देने वाला यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी वृद्धि की रफ्तार सबसे तेज है। इसके दम पर भारत जल्द ही प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दुनिया की खपत राजधानी बन जाएगा। एंजल वन और आइकॉनिक एसेट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता आधार की वजह से भारत में खपत 2034 तक बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। इसमें एकल परिवार के चलन की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसकी वजह से भारत में घरेलू विकास जनसंख्या वृद्धि से आगे निकल रहा है और यह बढ़ती खपत का प्रमुख चालक बनकर उभर रहा है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में टैक्स के मोर्चे पर करदाताओं को दी राहत से एक लाख करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जिससे 3.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील खपत को बढ़ावा मिलेगा। इसमें भारतीय जीडीपी को एक फीसदी तक बढ़ाने की क्षमता है।

### अगले 25 साल में होगी 10 गुना अधिक बचत

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अगले 25 वर्षों में पिछले 25 साल की तुलना में 10 गुना अधिक बचत होने की उम्मीद है। 1996-97 से 2022-23 के बीच भारत की कुल बचत 12 लाख करोड़ डॉलर थी, जो 2027 तक करीब 10 गुना बढ़कर 103 लाख करोड़ डॉलर पहुंच जाएगी। इससे वृद्धिशील उपभोग की व्यापक संभावनाएं खुलेंगी। खास बात है कि सरकार की नीतियों से भारत वैश्विक कार्यबल वृद्धि में भी अग्रणी बनने के लिए तैयार है। उपभोग के मोर्चे पर अमेरिका-चीन की राह पर चलने को देश तैयार एंजल वन एवं आइकॉनिक एसेट ने अपनी रिपोर्ट में कहा, आर्थिक और आय विस्तार के दौरान अमेरिका व चीन दोनों देशों में गैर-विवेकाधीन खर्च की तुलना में विवेकाधीन उपभोग अधिक रहा। भारत भी अब इसी राह पर चलने के लिए तैयार है।

प्रति व्यक्ति आय में मजबूत वृद्धि के दौर में अमेरिका में उपभोग खर्च में 10 गुना की वृद्धि हुई। प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के साथ भारत में भी उपभोग खर्च में ऐसी ही बढ़ोतरी देखे जाने की उम्मीद है।

### 2034 तक खपत दोगुनी...



### रिपोर्ट की अन्य खास बातें...

- विवेकाधीन उपभोग में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, आभूषण और एसेसरीज तेजी से उभरने वाले सेगमेंट हैं।
- 92 फीसदी खुदरा व्यापार अब भी किराना स्टोर के जरिये होता है।
- आधुनिक खुदरा व्यापार के लिए भी आगे बढ़ने और बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का एक बड़ा अवसर है।
- भारत में अमेरिका की कुल आबादी से अधिक जनरेशन जेड की संख्या हैं। 2035 तक खर्च किया जाने वाला हर दूसरा रुपया जनरेशन जेड की जेब से आएगा, जिससे खपत वृद्धि को जोरदार समर्थन मिलेगा।

### वैश्विक खपत में होगा 16 फीसदी हिस्सा

दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी 2050 तक बढ़कर 16 फीसदी पहुंच सकती है, जो 2023 में 9 फीसदी थी। मैकेंजी ग्लोबल इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक, 17 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सिर्फ उत्तरी अमेरिका ही भारत से आगे होगा।

## एलन मस्क ने टेस्ला की प्रतिष्ठा नष्ट कर दी

### कंपनी के निवेशक ने की नया सीईओ चुनने की मांग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला में लंबे समय से निवेश कर रहे रॉस गेरबर ने सार्वजनिक रूप से एलन मस्क से सीईओ के पद से इस्तीफा देने की मांग की है। गेरबल का तर्क है कि विशेष रूप से व्हाइट हाउस में ट्रंप की भूमिका के कारण उनका ध्यान बंट रहा है, जो कंपनी को संकट की ओर ले जा रहा है।

गेरबर कावासाकी वेल्थ मैनेजमेंट के सीईओ गेरबर ने स्काई न्यूज से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे (मस्क) सरकार में अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यहीं वह अपना समय बिता रहे हैं। वह टेस्ला नहीं चला रहे हैं। मुझे लगता है कि टेस्ला को एक नए सीईओ की जरूरत है। व्यवसाय को बहुत लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया है।

एक दशक से ज्यादा समय से गेरबर कावासाकी ने मस्क के नेतृत्व में टेस्ला में निवेश किया है। टेस्ला के सबसे बड़े शेयरधारकों में से न होने के बावजूद- फरवरी 2025 तक उनके पास कंपनी के 262,352 शेयर हैं। उनका फर्म 2023 से लगातार टेस्ला में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही है। कंपनी के बोर्ड में बदलाव के मुखर समर्थक रॉस गेरबर ने मस्क की आलोचना करना शुरू कर दिया है। मस्क के व्हाइट हाउस की गतिविधियों में शामिल होने के बाद उनका विरोध और बढ़ गया है। उन्होंने आउटलेट से कहा, टेस्ला बहुत सारे महत्वपूर्ण काम कर रहा है, इसलिए या तो एलन को टेस्ला में वापस आ जाना चाहिए और टेस्ला का सीईओ बन जाना चाहिए और अपनी अन्य व्यस्तताएं छोड़ देनी चाहिए या फिर उन्हें सरकार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और वह काम करते रहना चाहिए जो वह कर रहे हैं, लेकिन टेस्ला के लिए एक उपयुक्त सीईओ ढूंढना चाहिए।

टेस्ला के शेयरों में गिरावट जारी है। पिछले पांच दिनों में शेयरों पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। दिसंबर के शिखर से कंपनी के शेयर 50 प्रतिशत से ज्यादा टूट चुके हैं।

## वित्त वर्ष 25 में पस्त रहे टाटा के शेयर, निवेशकों के 2.56 लाख करोड़ स्वाहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2025 के अब कुछ दिन ही बचे हैं। इस वित्त वर्ष के दौरान शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा है। इस अवधि में सेंसेक्स और निफ्टी ने अपने ऑल टाइम हाई को भी देखा तो लगातार पांच महीने तक बिकवाली भी रही। इस माहौल के बीच वित्त वर्ष 2025 के दौरान टाटा ग्रुप की कंपनियों को बड़ा नुकसान हुआ। टाटा ग्रुप के शेयरों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण वित्त वर्ष 2025 में 2.56 लाख करोड़ रुपये कम हुआ है। वहीं, वित्त वर्ष 2024 में 30 लाख करोड़ रुपये की तुलना में बाजार पूंजीकरण लगभग 27.46 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया है।

### ग्रुप की 15 कंपनियां हैं जिम्मेदार

ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक इस गिरावट के पीछे टाटा ग्रुप की 15 कंपनियां हैं। इनमें आईटी दिग्गज टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , टाटा मोटर्स और टाइटन कंपनी शामिल हैं। टाटा समूह के अन्य शेयर जिनके बाजार पूंजीकरण में गिरावट देखी गई है, उनमें आर्टसन, ऑटोमोबाइल कॉर्पोरेशन ऑफ गोवा, ऑटोमोटिव स्टैम्पिंग्स एंड असेंबलीज, रैलिस इंडिया, टाटा केमिकल्स, टाटा कम्युनिकेशंस, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टाटा एलेक्सी, टाटा पावर कंपनी, टाटा टेक्नोलॉजीज और टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) शामिल हैं।

**टीसीएस के निवेशकों को कितना बड़ा नुकसान-** वित्त वर्ष 2025 में टीसीएस के निवेशकों ने अपनी संपत्ति 1.39 लाख करोड़ रुपये गंवा दी।

## एलजी से टाटा कैपिटल तक

### शेयर बाजार के बदले हालात में 5 कंपनियों का आइपीओ दस्तक देने को तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा समय में प्राइमरी मार्केट पूरी तरह से ठंडा पड़ा हुआ है। लेकिन आने वाले समय में कई दिग्गज कंपनियों के आईपीओ आने जा रहे हैं। इन कंपनियों की लिस्ट में एनएसई, एनएसडीएल, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, बोट, एलटी, रिलायंस जियो, जेएसडब्ल्यू सीमेंट, एथर एनर्जी, जेप्टो, फोनपे, टाटा कैपिटल और फ्लिपकार्ट शामिल है। ऐसे में इन कंपनियों के आईपीओ के आने से सेंकेंड्री मार्केट में भी हलचल देखने को मिल सकती है।




### मेनबोर्ड आईपीओ में आई कमी

मौजूदा समय में शेयर बाजार के बदले हालात की वजह से मेनबोर्ड आईपीओ में गिरावट आई है। एक्सपर्ट्स की मानें तो प्रमोटर्स और इंवेस्टमेंट बैंकर्स मौजूदा समय में इंतजार करने का तरीका अपना रहे हैं। इन कंपनियों की निगाह इस बात पर भी है कि एफआईआई की बिकवाली में कमी आए, ट्रंप के टैरिफ प्लान की पूरी तरह से पता चल पाए। एक बार इन तमाम विषयों पर स्पष्टता आने के बाद ही किसी दिग्गज कंपनी के आईपीओ की उम्मीद करनी चाहिए। माना जा रहा है कि अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही में कई कंपनियों के आईपीओ दस्तक दे सकते हैं।

### बाजार आया रिकवरी के मोड पर

वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के बीते निफ्टी में बीते 2 से 3 हफ्तों के दौरान रिकवरी देखने को मिली है। मार्च 21964 अंक से निफ्टी में 1400 अंक या फिर 6.5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। ट्रेंड टेंशन और अमेरिका की पॉलिसी की वजह से वैश्विक स्तर पर मार्केट की स्थिति अच्छी नहीं है। लेकिन इसके बाद भी घरेलू शेयर बाजारों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जिन 5 बड़े आईपीओ का इंतजार निवेशक बेसब्री से कर रहे हैं उसमें एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, एनएसडीएल, टाटा कैपिटल, बोट और जेएसडब्ल्यू सीमेंट है। बता दें, एलजी के प्रस्तावित आईपीओ में 10.18 करोड़ शेयरों की बिक्री ऑफर फार सेल के जरिए हो सकती है।

## आरबीआई ने अधिकारियों को पद छोड़ने के लिए नहीं कहा, इंडसइंड बैंक ने किया खारिज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट को पद छोड़ने के लिए नहीं कहा है। बैंक के प्रवक्ता ने कहा-हाल ही में मीडिया में आई रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। बैंक इन रिपोर्ट्स में किए गए दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। प्रसारित की जा रही जानकारी पूरी तरह से गलत है और वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है।




### क्या थी रिपोर्ट

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि रिजर्व बैंक ने इंडसइंड बैंक के सीईओ सुमंत कठपालिया और उनके डिप्टी अरुण खुराना को पद से हटने को कहा है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक रिजर्व बैंक ने अकाउंटिंग गड़बड़ी के बाद इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट से यह बात कही है। आरबीआई जमाकर्ताओं के विश्वास को प्रभावित होने से बचाने के लिए व्यवस्थित बदलाव चाहता है।

### बैंक ने पेशेवर को किया नियुक्त

इस बीच, इंडसइंड बैंक ने अपने वायदा-विकल्प खंड से संबंधित ऑडिटिंग विसंगतियों के मूल कारण का पता लगाने के लिए एक पेशेवर कंपनी को नियुक्त किया है। अनुमान के अनुसार, ऑडिटिंग में 2,100 करोड़ रुपये की विसंगति से बैंक की निवल संपत्ति पर 2.35 प्रतिशत का असर पड़ सकता है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, निदेशक मंडल ने गुरुवार को अपनी बैठक में विसंगतियों के मूल कारण की पहचान करने, प्रचलित ऑडिटिंग मानकों के संबंध में व्युत्पन्न अनुबंधों के लेखांकन उपचार की शुद्धता व प्रभाव का आकलन करने के लिए एक व्यापक जांच करने हेतु स्वतंत्र पेशेवर कंपनी को नियुक्त करने का निर्णय लिया।

## 77 के शेयर वाली कंपनी को मिली गुड न्यूज, एयरपोर्ट से जुड़ा है कारोबार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एविएशन सेक्टर की कंपनी-जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड को अच्छी खबर मिली है। दरअसल, भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) ने कुछ ठेकों के आवंटन में जीएमआर एयरपोर्ट्स और दिल्ली एयरपोर्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्द्धा-रोधी तरीके अपनाए जाने के आरोपों को खारिज कर दिया है।

### क्या है मामला

दरअसल, एक गैर सरकारी संगठन ने आरोप लगाया था कि जीएमआर एयरपोर्ट्स ने एकाधिकार वाले तरीके अपनाए और वह हवाई अड्डे पर पार्किंग एवं लाउंज सेवाओं से संबंधित ठेकों के लिए अत्यधिक शुल्क वसूल रहा था। संबंधित पक्षों की प्रस्तुतियों की समीक्षा करने के बाद सीसीआई ने कहा कि पार्किंग और लाउंज सेवाओं के लिए अनुबंध एक प्रतिस्पर्द्धी बोली प्रक्रिया के जरिये दिए गए थे जो कि परिचालन, प्रबंधन और विकास समझौते के तहत अनिवार्य है। इस मामले में शिकायत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागरिक उड्डयन मंत्रालय और फ्रापोर्ट एजी फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट सर्विसेज वर्ल्डवाइड के खिलाफ भी की गई थी। प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का कोई प्रथम दृष्ट्या मामला नहीं पाते हुए सीसीआई ने शिकायत को खारिज कर दिया।



## अपने विदेशी मुद्रा भंडार में हुई लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ोतरी, पाकिस्तान का भी बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिवर्ज बैंक ने ओपन मार्केट ऑपरेशन या ह्रस्व्ह ऑक्शन के तहत बीते दिनों काई कार्य किए। इसके साथ ही 10 अरब डॉलर के फॉरेक्स स्वैप का फैसला लिया। इसका असर दिखा और बीते 14 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 305 मिलियन डॉलर की मामूली बढ़ोतरी दिखी। इसी के साथ अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार 654.27 बिलियन पर पहुंच गया है। इससे एक सप्ताह पहले अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 15.26 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई थी। उधर, इसी सप्ताह अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में भी बढ़ोतरी की खबर है।

### फॉरेक्स स्वैप से हुआ फायदा

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 14 मार्च 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 305 मिलियन की मामूली बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, यह रिजर्व बैंक के 10 बिलियन डॉलर के फॉरेक्स स्वैप के फैसले का असर है कि इस सप्ताह अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 654.27 बिलियन पहुंच गया है। इससे एक सप्ताह पहले यानी 7 मार्च को अपने भंडार में 15.267 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई थी। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन पर के रेकार्ड उच्चतम स्तर पर था।



रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में कमी हुई है। 14 मार्च 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने एफसीएएस में 96 मिलियन की कमी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार घट कर 557.186 बिलियन का रह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व बढ़ा

बीते सप्ताह अपने गोल्ड रिजर्व या स्वर्ण भंडार में भी वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 मार्च 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में 66 मिलियन की वृद्धि हुई है। इसी के साथ अब अपना सोने का भंडार बढ़ कर यूएसडी 74.391 बिलियन तक चला गया है।

### एसडीआर भी बढ़ा

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में भी बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 51 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 18.262 बिलियन डॉलर का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में 283 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।

बॉक्सिंग

## भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की चुनावी प्रक्रिया रोकी गई, अदालती फैसलों के बाद निर्वाचन अधिकारी का कदम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव की प्रक्रिया रोक दी गई है। निर्वाचन अधिकारी आरके गाबा ने शुक्रवार को कहा, चुनावी प्रक्रिया तब तक रुकी रहेगी जब तक बीएफआई उन्हें इसे शुरू करने के लिए नहीं कहती है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने खुद निर्वाचन अधिकारी को चुनावी प्रक्रिया रोकने की प्रार्थना की थी। उन्होंने यह कदम हिमाचल प्रदेश और दिल्ली हाईकोर्ट के फैसलों के बाद उठाया। अजय सिंह ने गाबा से प्रार्थना की कि अदालत के फैसलों के बाद चुनाव में बाधा पड़ सकती है और वह इन फैसलों को उच्च अदालत में चुनौती देने जा रहे हैं। उच्च अदालत के आदेश के बाद ही चुनावी प्रक्रिया बहाल की जाए। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बीएफआई के निर्वाचन मंडल से बाहर किए जाने पर रोक लगाते हुए उनके नामांकन को स्वीकार करने का आदेश दिया था। अदालत ने बीएफआई के सात मार्च के आदेश पर भी रोक लगा दी थी। मुक्केबाजी महासंघ ने कहा था कि चुनाव में चुने हुए पदाधिकारी ही हिस्सा ले सकते हैं। इसके आधार पर ही ठाकुर को निर्वाचन मंडल से बाहर किया गया था। जिसे आदालत में चुनौती दी गई।

## फीडे महिला ग्रां प्री शतरंजः झू जिनर ने दूसरे दौर के बाद बढ़त बनाई



**निकोसिया, एजेंसी।** फीडे महिला ग्रां प्री सीरीज 2024-25 के चौंथे चरण के दूसरे दौर में सिर्फ एक ही मुकाबले का परिणाम निर्णायक रहा, जिसमें चीन की झू जिनर ने जर्मनी की एलिज़ाबेथ पेहट्ज़ नें जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली, लेकिन सभी पांच मुकाबले अपने आप में काफी रोमांचक रहे। पूर्व महिला विश्व चैम्पियन उक्रेन की मारिया मुजयचुक और भारत की पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन दिव्या देशमुख के बीच का मुकाबला सबसे पहले समाप्त हुआ। हालांकि सर्दी-जुकाम के चलते दिव्या का स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक नहीं था, फिर भी उन्होंने फ्रेंच डिफेंस के स्टीनिट्ज़ वेरिएशन में आसानी से स्थिति को बराबर कर लिया। जिससे ऊंट के एंडगेम में मुकाबला 40 चालो पर ड्रा पर समाप्त हुआ।

भारत की शीर्ष खिलाड़ी हरिका द्रोणावल्ली का सामना ग्रीस की स्टावरूला त्सोलाकिडु से था और यह मुकाबला निश्चित रूप से दौर का सबसे मनोरंजक था। हरिका ने रॉसोलिमो अटैक को चुना, जो एक साहसी विकल्प था, क्योंकि स्टावरूला ने पिछले दौर में इसी ओपनिंग में जीत दर्ज की थी। हालांकि हारिका एक समय थोड़ा बेहतर लग रही थी पर 42 चालों के बाद खेल ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दूसरे दौर के बाद झू जिनर टूर्नामेंट में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने जीत दर्ज की और अंकतालिका में बढ़त बनाई है।

# मेसी के बिना भी जीता अर्जेंटीना, विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने से बस एक अंक दूर



**मोंटेवीडियो, एजेंसी।** अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालिफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रा करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा। अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना भी शुक्रवार को खेले गए दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में उरुग्वे को 1-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना के लिए एकमात्र गोल थियागो अल्माडा ने 68वें मिनट में दागा जो कि निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही गत चैंपियन अर्जेंटीना अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश पाने से केवल एक अंक दूर रह गया है।

अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालिफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रॉ करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा। इससे पहले जब फुटबॉल जगत की इन दो दिग्गज टीमों के बीच मुकाबला हुआ था तब अर्जेंटीना ने रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में 1-0 से जीत हासिल की थी। कोच लियोनेल स्कालोनी की टीम पहले से ही सातवें स्थान पर मौजूद बोलीविया से 15 अंक आगे है, जबकि प्रतियोगिता में अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। इससे पहले इक्वाडोर ने वेनेजुएला को 2-1 से हराया और दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

ब्राजील 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वह उरुग्वे और पराग्वे से एक अंक आगे है। कोलंबिया 19 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीमों को अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

आईपीएल 2025:

## केएल राहुल 2 मैचों से बाहर रह सकते हैं, पत्नी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं; दिल्ली ने 14 करोड़ में खरीदा था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे। यह जानकारी दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे मिचेल स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एलिसा हीली ने दी। उन्होंने बताया, केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं। इसी वजह से वह लीग के शुरुआत दो मैचों से बाहर रह सकते हैं। राहुल और उनकी बॉलीवुड अभिनेत्री पत्नी अथिया शेट्टी ने नवंबर 2024 में गुड न्यूज की जानकारी दी थी।



18 जनवरी को केएल राहुल ने उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह की देहरी से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने यूट्यूब पर दी जानकारी एलिसा हीली ने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि हैरी ब्रूक की जगह कौन आता है। उनके पास केएल राहुल हैं जो शायद पहले कुछ मैच नहीं खेलेंगे। वे अपने बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे है। दिल्ली कैपिटल्स के पास युवा खिलाड़ियों की फौज है जो कुछ भी कर सकते हैं। उनके पास केएल राहुल भी हैं जो टी20 क्रिकेट में पारी को मजबूती देंगे। उन्हें देखना बहुत रोमांचक होगा।

14 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा था दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह इससे पहले तीन साल तक लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेले। स्त्र ने नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। राहुल आईपीएल में कई टीमों की कप्तानी कर चुके हैं, ऐसे में माना जा रहा था कि फ्रेंचाइजी उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप सकती है। राहुल आईपीएल में 4683 रन बना चुके हैं।

# अल्काराज दूसरे दौर में गाफिन से हारे

**मियामी, एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज को शुक्रवार (स्थानीय समय) को मियामी ओपन के दूसरे दौर में बेल्जियम के डेविड गाफिन ने 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। गाफिन ने प्रत्येक सेट में दूसरे सीड की सर्विस को तोड़ने में कामयाबी हासिल की, अपने दूसरे मैच पॉइंट पर जीत को पक्का किया जब कोर्ट में स्लाइड करते हुए अल्काराज एक फोरहैंड को वापस नहीं कर पाए जिसे गाफिन ने कोने में कुशलता से रखा था।

गाफिन के लिए अगला मुकाबला अमेरिकी ब्रैंडन नकाशिमा से है, जिन्होंने रॉबर्टो कार्बेल्स बेना पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत हासिल की।

जोकोविच ने नडाल की बराबरी की



छह बार के मियामी ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा पर 6-0, 7-6(1) की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी की और तीसरे दौर में प्रवेश किया। यह 2019 के बाद से जोकोविच की मियामी में पहली उपस्थिति थी और उनकी जीत उनकी 410वीं एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीत थी, जिसने उन्हें श्रृंखला में सबसे अधिक जीत के लिए राफेल नडाल के साथ बराबरी पर ला खड़ा किया। जोकोविच ने संवाददाताओं से कहा, मैं खुद को और दूसरों को भी यह बताना चाहता था कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेलने में सक्षम हूं। दूसरी ओर, सातवें वरीय रूस के दानिल मेदवेदेव, जो मौजूदा मियामी चैंपियन हैं और इंडियन वेल्स में सेमीफाइनल में पहुंचे हैं, पहले दौर में ही स्पेन के जौम मुनार से 6-2, 6-3 से हार गए। अन्य उल्लेखनीय परिणामों में मियामी के पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड और ग्रिगोर दिमित्रोव आगे बढ़े, जबकि ऑस्ट्रेलियाई निक किर्गियोस, जिन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में 2022 के बाद से अपनी पहली जीत हासिल की, को करेन खाचानोव ने 7-6(3), 6-0 से हराया।

महिलाओं की ओर से, रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा, इंडियन वेल्स में सनशाइन डबल का पहला भाग जीतने के बाद मियामी ओपन में पदार्पण कर रही हैं, उन्होंने वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा का सामना अगले दौर में दोहा चैंपियन अमांडा अनिसिमोवा से होगा।

दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने अपनी मजबूत फॉर्म जारी रखते हुए कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 7-5 से हराकर लगातार दो टूर्नामेंट में दूसरी बार जीत दर्ज की। स्वीयाटेक तीसरे दौर में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से भिड़ेंगी,जिन्होंने पीटन स्टर्न्स को 6-4, 6-1 से हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने अर्मेनिया की एलिना अवनेस्यान को 6-3, 6-3 से हराया और अब उनका अगला मुकाबला फिलिपिनो वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा एला से होगा, जिन्होंने 25वीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 7-6(2), 7-5 से हराया।

## आईपीएल 2025 के कमेंट्री पैनल से गायब इरफान पठान का नाम, खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चलाने की मिली सजा!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत होने वाली है। ब्रॉडकास्टर्स ने इस सीजन के लिए अपने कमेंटेटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का नाम शामिल नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई ने यह फैसला जानबूझ कर किया है। पठान पर कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चलाने का आरोप लगा है।

### इरफान पठान से खुश नहीं खिलाड़ी

मायखेल ने सूत्रों के हवाले से लिखा कि कुछ क्रिकेटर्स ने इरफान पठान के खिलाफ शिकायत की थी। उनका कहना था कि ऑलराउंडर कमेंट्री के दौरान खिलाड़ियों के खिलाफ निजी टिप्पणी करते हैं। खिलाड़ियों को यह पसंद नहीं आया। एक स्टार प्लेयर ने इरफान पठान का नंबर ब्लॉक कर दिया। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इरफान पठान द्वारा उनपर की गई टिप्पणी से खुश नहीं थे।

### बीसीसीआई पठान के व्यवहार से नाराज

सूत्रों ने यहां भी कहा कि पठान ने आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों का इंटरव्यू लेते हुए ऐसा व्यवहार किया जो कि बीसीसीआई को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, 'यह पिछले दो साल से हो रहा है। वह कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चला रहे हैं। यह बात बीसीसीआई को पसंद नहीं है। इसी कारण उनका नाम हटाया गया नहीं तो उनका नाम लिस्ट में होना चाहिए था। इरफान पठान इकलौते कमेंटेटर नहीं हैं जिन्हें बीसीसीआई के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर कान्ट्रैक्ट नहीं मिला। इससे पहले संजय मांजरेकर को भी उनकी टिप्पणी के कारण करार नहीं दिया गया था।

## आईओसी की नई अध्यक्ष कोवेंट्री के घर डकैती

माता-पिता को बंदूक दिखाकर बनाया बंधक, दो आरोपी गिरफ्तार



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव निर्वाचित अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री के माता-पिता के हरार स्थित घर पर सशस्त्र डकैती डालने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जिम्बाब्वे की एक अदालत में पेश किया गया। इन दोनों पर कथित तौर पर कोवेंट्री के कुछ खेल संबंधी यादगार वस्तुएं चुराने का आरोप है। न्यूज एजेंसी एपी (एसोसिएटेड प्रेस) की रिपोर्ट्स के मुताबिक, डकैती 10 मार्च को हुई थी। पुलिस और कोवेंट्री के परिवार ने हालांकि यादगार वस्तुओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन वस्तुओं में कोवेंट्री के कुछ ओलंपिक कपड़े शामिल थे।

### माता–पिता को बंदूक के दम पर बनाया बंधक

पुलिस के मुताबिक, जॉन और माइक नहोंगवे पर 90 हजार डॉलर के सामान चोरी करने तथा कोवेंट्री के माता-पिता को बंदूक की नोक पर बंधक बनाने का आरोप है। चोरी की गई वस्तुओं में आभूषण, आग्नेयास्त्र और जिम्बाब्वे की पूर्व ओलंपिक तैराक कोवेंट्री के करियर से जुड़ी कुछ स्मृति चिन्ह के साथ ही 15,000 अमेरिकी डॉलर की नकदी शामिल है।

### कोवेंट्री के ओलंपिक के कपड़े भी चुराए

पुलिस और कोवेंट्री के परिवार ने हालांकि यादगार वस्तुओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन वस्तुओं में कोवेंट्री के कुछ ओलंपिक कपड़े शामिल थे। पुलिस ने बताया कि नहोंगवे भाइयों ने कोवेंट्री के माता-पिता को हरारे में अपने घर पर जूतों के फीतों से बांध दिया था। यह स्पष्ट नहीं है कि कोवेंट्री उस समय जिम्बाब्वे में थीं या नहीं।

# मुक्केबाजी में विवाद पर आया आईओए अध्यक्ष पीटी उषा का बयान, कहा- दुखी हूं कि...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के विवादों में फंसने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मुद्दे उन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अधिकारियों के बीच आपसी झगड़े के कारण चल रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप प्रभावित हुई है।

### बुरा लग रहा है

टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सहित असम की टीम को कथित तौर पर राज्य इकाई के सचिव हेमंत कलिता द्वारा इस टूर्नामेंट का बहिष्कार करने के लिए मजबूर किया गया था। कलिता को हाल में महासंघ प्रमुख अजय सिंह द्वारा बीएफआई के महासचिव के पद से निलंबित कर दिया गया था। उषा ने चैंपियनशिप के मौके पर कहा, मुझे बुरा लग रहा है कि खिलाड़ियों को विवाद में घसीटा गया है।

बॉक्सिंग कॉन्ट्रोवर्सी



### चाहती थी खिलाड़ी आएं

उन्होंने कहा, मैं चाहती थी कि खिलाड़ी यहां आएं और प्रतिस्पर्धा करें। मुझे खुशी है कि ऐसा हो रहा है। अब मुक्केबाजी लॉस एंजिल्स ओलंपिक का भी हिस्सा है। प्रतियोगिता में उषा की उपस्थिति उल्लेखनीय थी क्योंकि उन्होंने पिछले महीने बीएफआई के कामकाज की देखरेख के लिए एक तदर्थ समिति नियुक्त की थी, जिस कदम पर बाद में अदालत ने रोक लगा दी थी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी उपस्थिति केवल खिलाड़ियों के लाभ के लिए थी।

### ऐसा नहीं होना चाहिए था

उन्होंने कहा, आमतौर पर मैं अंतिम समय के निमंत्रण स्वीकार नहीं करती, लेकिन मैं आई क्योंकि मैं चाहती थी कि यह प्रतियोगिता हो। मुक्केबाज लंबे समय से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं या शिविरों से दूर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, खासकर अब जब मुक्केबाजी की लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए पुष्टि कर दी गई है, लेकिन मुझे उन खिलाड़ियों के लिए बुरा लगता है जो भाग नहीं ले सकी। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

### कोवेंट्री को लेकर कही यह बात

उन्होंने कहा, यह हर जगह खिलाड़ियों के लिए मुश्किल है। मेरे पूरे जीवन में हमेशा बाधाएं और चुनौतियां रही हैं। लेकिन उन्हें अपनी स्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, कुछ हासिल करने के लिए जुनून और समर्पण के साथ लड़ना चाहिए, चाहे कुछ भी हो जाए। आईओए की पहली महिला अध्यक्ष उषा ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रमुख के रूप में क्रिस्टी कोवेंट्री के चुनाव पर भी खुशी व्यक्त की। कोवेंट्री शीर्ष पद पाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी अधिकारी हैं।

### 2036 ओलंपिक को लेकर आशावादी

उन्होंने कहा, मैं पहली महिला अध्यक्ष को देखकर बहुत खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि वह खेलों में महिलाओं की बेहतरी के लिए काम करेंगी। जहां तक मुझे पता है, वह डोपिंग के सख्त खिलाफ हैं और मुझे उम्मीद है कि वह इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगी। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य बना रहा है और उषा आशावादी हैं। उन्होंने कहा, आईओसी में अब मेरे बहुत सारे दोस्त हैं और बहुत से लोग हमारा समर्थन कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि ऐसा हो, यह प्रधानमंत्री का विजन है और मैं इसे हकीकत बनाने में मदद करने की पूरी कोशिश करूंगी।




# दो भागो में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की किंगडम? निर्माता नागा वामसी ने बताया सच

विजय देवरकोंडा अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म किंगडम रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ गया। अब यह फिल्म एक और वजह से चर्चा में बनी हुई है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि किंगडम को दो भागों में बनाया जाएगा, लेकिन अब फिल्म के निर्माता नामा वामसी ने आखिरकार इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

## फिल्म को लेकर बोले नागा वामसी

नामा वामसी ने इन खबरों की पुष्टि करते हुए कहा है कि फिल्म के दो भागों में आने की संभावना है। हाल ही में फिल्म निर्माता की आगामी तेलुगु फिल्म मैड स्क्वायर के प्रचार के दौरान नागा वामसी ने रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, हमने कहानी को केवल दो-भाग की फ्रेंचाइजी बनाने के लिए नहीं बढ़ाया। फिल्म में दो भागों में रिलीज होने की गुंजाइश और पैमाना है।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

उन्होंने आगे कहा कि किंगडम स्क्रीनप्ले, लॉजिक, भव्यता और एक्शन के मामले में सभी कसौटियों पर खरा उतरता है। सीक्वल का शीर्षक, चाहे वह किंगडम स्क्वायर हो या किंगडम पार्ट 2, पहले भाग के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन और रेंज के आधार पर चुना जाएगा। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस साल 30 मई को रिलीज होने वाली है। इसमें भाग्यश्री बोरसे और सत्यदेव जैसे सितारे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## किंगडम का एआई-जनरेटेड वीडियो

मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीत तैयार किया। नवीन नूली ने संपादन विभाग संभाला और यानिक बेन, चेतन डिसूजा और रियल सतीश ने स्टंट कोरियोग्राफर के रूप में काम किया। हाल ही में, विजय देवरकोंडा अभिनीत इस फिल्म ने अपने संगीत के लिए पूरी तरह से एआई डिजाइन किए गए वीडियो का उपयोग करने वाली पहली फिल्म के रूप में इतिहास बनाया। निर्माताओं ने किंगडम का एक पूरी तरह से एआई-जनरेटेड थीमैटिक वीडियो जारी किया, जिसे प्रशंसकों और प्रशंसकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।



# कीर्ति सुरेश के हाथ लगी नई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म!

## नए अवतार में नजर आएंगी

**कीर्ति सुरेश ने वरुण धवन के साथ बेबी जॉन से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, अब अभिनेत्री की नई फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि वह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।**

### नए अवतार में नजर आएंगी अभिनेत्री

हालांकि कीर्ति की नई फिल्म पर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री को एक अनटाइटल्ड रोमांटिक-कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए संपर्क किया गया है। फिल्मफेयर के अनुसार, फिल्म के निर्माता कीर्ति सुरेश के साथ काम करने के इच्छुक हैं। अगर बातचीत सफल होती है तो फिल्म में एक नए अवतार में नजर आएंगी। अभिनेत्री एक ऐसे किरदार में नजर आएंगी जो मजेदार और मनोरंजक है।

### कलाकारों के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई

निर्माता फिलहाल शीर्षक, कहानी और कलाकारों के नामों को गुप्त रख रहे हैं। कीर्ति के पास दो रोमांचक तमिल प्रोजेक्ट भी हैं- रिवॉल्वर रीटा और कन्निवेदी। बेबी जॉन की बात करें तो यह इंस्पेक्टर सत्या वर्मा (वरुण धवन) की कहानी है, जिसे बेबी जॉन के नाम से जाना जाता है। सत्या अपनी बेटी खुशी (जारा ज्याना) और अपने पुराने दोस्त राम सेवक (राजपाल यादव) के साथ केरल में एक शांतिपूर्ण जीवन जीता है। हालांकि, उसकी शांत जिंदगी में तब बदलाव आता है जब खुशी की शिक्षिका, जिसका किरदार वामिका गब्बी ने निभाया है, एक उग्र और निर्दयी इंस्पेक्टर के रूप में उसकी छिपी हुई पहचान को उजागर करती है।

### फिल्म की कहानी

यह कहानी दर्शकों को छह साल पहले ले जाती है, बेबी जॉन शादीशुदा था और बाबर शेर (जैकी श्रॉफ) के खिलाफ लड़ रहा था, जो युवा महिलाओं का शोषण करने वाला एक शक्तिशाली व्यक्ति है। कहानी तब शुरू होती है, जब बेबी जॉन अपनी पत्नी मीरा (कीर्ति सुरेश) के लिए न्याय चाहता है और शोषण और भ्रष्टाचार से लड़ने की यात्रा पर निकलता है।



# एक्शन छोड़ मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी लेकर आएंगे सनी देओल बनेंगे फैमिली मैन

अपने एक्शन से दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 'जाट' में भी सनी देओल जबरदस्त एक्शन करते नजर आने वाले हैं। फिल्म के टीजर और अभिनेताओं के लुक को देखकर ये मालूम पड़ता है कि फिल्म जबरदस्त एक्शन से भरपूर होने वाली है। सनी देओल लगातार ही एक्शन फिल्म कर रहे हैं, जाट के अलावा वो 'बॉर्डर 2' में भी एक्शन करते दिखेंगे। हालांकि, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि सनी देओल जल्द ही एक्शन से हटकर एक मध्यम वर्गीय परिवार के व्यक्ति के किरदार में नजर आने वाले हैं।

### मध्यम वर्गीय परिवार के व्यक्ति की कहानी दिखाएंगे सनी

एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल अब एक्शन से अलग एक फिल्म में सामान्य परिवार के सामान्य व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 'सफर' नाम की यह फिल्म एक पारिवारिक फिल्म हो सकती है, जिसमें सनी देओल एक्शन से इतर नजर आएंगे। ये भी जानकारी सामने आ रही है कि मेकर्स फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने का विचार बना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में कोई एक्शन नहीं है। यह मध्यम आयु वर्ग के पारिवारिक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे पता चलता है कि लोगों की मदद करके ही खुशी मिल सकती है और वह जीवन का सही अर्थ सीखता है।

### फिल्म को थिएटर की जगह ओटीटी पर रिलीज करने की सोच रहे मेकर्स

रिपोर्ट में बताया गया है कि जब निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर सनी देओल से संपर्क किया तो उन्हें फिल्म की कहानी काफी पसंद आई और उन्होंने तुरंत ही इसके लिए हां कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने की बजाय, सीधे ओटीटी पर लाने का विचार कर रहे हैं। मेकर्स का मानना है कि एक मध्यम वर्गीय परिवार के इर्द-गिर्द घूमती फिल्म की कहानी को सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी पर लाना ज्यादा उचित रहेगा। मेकर्स फिल्म को इस साल के अंत तक रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

### 2024 में पूरी हो चुकी है शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'सफर' की शूटिंग 2024 में पूरी हो चुकी है। फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन बग्गा और दर्शन जरीवाला जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक उदयपुरकर ने किया है और इसका निर्माण विशाल राणा ने किया है।

# विक्रम भट्ट ने बताया क्यों बनाते हैं हॉरर फिल्में?

हाल ही में निर्देशक विक्रम भट्ट अपनी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' के प्रमोशन के लिए कॉमेडियन भारती सिंह के पॉडकास्ट में नजर आए। यहां उन्होंने अपने आने वाली फिल्म को लेकर बात की। साथ ही अपनी हॉरर जॉनर की फिल्मों को लेकर भी बात की। इनको बनाने का असल मकसद भी बता दिया। निर्देशक विक्रम भट्ट भारती सिंह के पॉडकास्ट में बताते हैं कि वह भूतों में पूरी तरह से विश्वास करते हैं। वह कहते हैं, 'भगवान हैं, इस बात को साबित करने के लिए फिल्मों में भूतों को दिखाता हूं। मेरी हॉरर फिल्में कभी भी भूतों पर नहीं थीं, वह ईश्वर को साबित करने के बारे में हैं। अगर हम लोग गीता में विश्वास रखते हैं, आत्मा में भरोसा करते हैं तो हमें पता होना चाहिए कि आत्मा भी अच्छी या बुरी हो सकती है।'

### जब भूतों से जुड़ा अनुभव हुआ

आगे पॉडकास्ट में विक्रम भट्ट कहते हैं, 'जैसा हम फिल्मों में दिखाते हैं, वैसे भूत नहीं होते हैं। वह बिल्कुल सामान्य नजर आते हैं लेकिन आपको अहसास हो जाता है कि ये व्यक्ति कुछ अलग है। आप उसके आसपास से तुरंत दूर हो जाना चाहते हैं। मुझे भी भूतों का अनुभव हुआ।'

### 'गुलाम' के बाद अब बनाई ड्रामा फिल्म

फिल्म 'तुमको मेरी कसम' एक थ्रिलर ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी काफी अलग है। विक्रम बताते हैं कि फिल्म 'गुलाम' के बाद वह अब जाकर ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। आगे वह यह भी बताते हैं दो हॉरर फिल्में बनाने वाले हैं, जिसमें '1920' का नया पार्ट शामिल है।





# रानी मुखर्जी ने कॉमर्शियल फिल्मों से हटकर निभाए ये किरदार

**रानी मुखर्जी बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक हिट और सुपरहिट फिल्में की हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर में कई यादगार किरदार निभाए हैं, जिनमें से कुछ ने बड़े सामाजिक संदेश दिए और कमर्शियल मसाला फिल्मों से अलग रहे। आज जब अभिनेत्री अपना 47वां जन्मदिन मना रही हैं तो यहां उनके ऐसे किरदारों के बारे में जानते हैं, जो अपनी खास थीम और मैसेज के लिए जाने जाते हैं।**

### राजा की आएगी बारात

'राजा की आएगी बारात' साल 1997 में रिली हुई थी। यह फिल्म एक महिला के न्याय की कहानी है, जिसमें रानी मुखर्जी ने एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया, जो अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है।

### हे राम

साल 2000 में रिलीज हुई 'हे राम' एक भारतीय ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जिसे कमल हासन ने लिखा, निर्देशित और प्रोड्यूस किया था। यह फिल्म सांप्रदायिक दंगों और हिंसा पर आधारित है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी ने भले ही छोटा किरदार निभाया, लेकिन वह काफी प्रभावशाली था।

### ब्लैक

साल 2005 में रिलीज हुई इस फिल्म रानी मुखर्जी ने एक दृष्टिहीन और श्रवण बाधित लड़की का रोल निभाया, जो अपनी कठिनाइयों को मात देती है। यह फिल्म हेलन केलर की वास्तविक कहानी से प्रेरित थी।

### नो वन किल्ड जेसिका

2011 में रिलीज हुई यह फिल्म जेसिका लाल हत्याकांड पर आधारित थी, जिसमें रानी ने एक जिद्दी पत्रकार का किरदार निभाया, जो अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देती हैं।



# अनुराग कश्यप ने की ब्रिटिश शो 'एडोलसेंस' की तारीफ, नेटफ्लिक्स इंडिया को बताया भ्रष्ट और बेईमान

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आई नई वेब सीरीज 'एडोलसेंस' लगातार प्रशंसा बटोर रही है। इसको देखने के बाद बड़े से बड़े निर्माता-निर्देशक भी इसके फैन बन जा रहे हैं। अब 'एडोलसेंस' के प्रशंसकों में एक नाम और जुड़ गया है बॉलीवुड के खुदरंग निर्देशक अनुराग कश्यप का। अनुराग कश्यप ने जैक थॉर्न और स्टीफन ग्राहम द्वारा निर्मित ब्रिटिश मिनीसीरीज एडोलसेंस की प्रशंसा की है। यह सीरीज एक 13 साल के लड़के की कहानी है, जिस पर हत्या का आरोप है। सीरीज की खासियत ये है कि इसके हर सीन को एक ही बार में फिल्माया गया है। सीरीज को लगातार सराहना मिल रही है।

शेखर कपूर और हंसल मेहता जैसे दिग्गज फिल्ममेकर के इस सीरीज की तारीफ करने के बाद अब अनुराग कश्यप ने भी 'एडोलसेंस' की प्रशंसा की है। सीरीज को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में अनुराग लिखते हैं, अभी-अभी एडोलसेंस को एक बार में ही पूरा देखा। मैं हैरान हूं और मुझे ईर्ष्या हो रही है कि कोई ये कैसे बना सकता है। बाल कलाकार ओवेन कूपर और स्टीफन ग्राहम, जो न सिर्फ पिता की भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि शो के सह-निर्माता भी हैं, उन्होंने कितना शानदार अभिनय किया है। इस पूरे शो में काफी मेहनत की गई है। मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि उन्होंने कितनी रिहर्सल और तैयारी की होगी, ताकि वो हर एपिसोड को एक ही शॉट में शूट कर सकें। सिनेमैटोग्राफर मैथ्यू लुईस और फिल्म निर्माता फिलिप बैरेंटिनिनी कितने प्रतिभाशाली हैं। यह किसी भी फिल्म या मेरी अब तक की देखी हर चीज से बेहतर है। इसमें समय लगता है, यह एक भी बारीकियों को न चूकने का साहस है। सह निर्माता जैक थॉर्न और पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। एक बेहतरीन टीम और दृढ़ संकल्प के बिना इसे पूरा करना संभव नहीं है।

### नेटफ्लिक्स पर लगाया दोहरे मानकों का आरोप

'एडोलसेंस' की तारीफ के साथ-साथ अनुराग कश्यप ने भारत में बनाए जाने वाले कंटेंट को लेकर नेटफ्लिक्स के नजरिए की कड़ी आलोचना की। अपनी पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अनुराग ने नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को निशाने पर लेते हुए उन पर दोहरे मानकों का आरोप लगाया। अनुराग कश्यप ने लिखा, हाल ही में टेड सारंडोस ने एक पोस्ट डाली, जिसमें उन्होंने कहा कि कभी-कभार कोई न कोई ऐसी फिल्म आती है जो नए अनुभव कराती है, रचनात्मकता की सीमाओं को चुनौती देती है और करियर को बयान करने वाली परफॉर्मेंस देती है। मुझे उम्मीद है कि वह ऐसा ही कह रहे हैं। क्योंकि नेटफ्लिक्स इंडिया पर उनका शो बिल्कुल उल्टा है। यदि उन्हें यह प्रस्ताव दिया जाता तो संभवत: वे इसे अस्वीकार कर देते या इसे 90 मिनट की फिल्म में बदल देते। हालांकि, यह भी असंभव लगता है, क्योंकि इसका अंत काला और सफेद नहीं है।

### भारत में सिर्फ सब्सक्राइबर बढ़ाना ही नेटफ्लिक्स का उद्देश्य

नेटफ्लिक्स इंडिया पर आगे निशाना साधते हुए निर्देशक कश्यप ने कहा, सेक्रेड गेम्स के बाद दो बार उनसे सामना हुआ और सहानुभूति, साहस व मूर्खता की पूरी कमी के साथ-साथ सीरीज के प्रमुख और टीम की ओर से हद से अधिक असुरक्षा की भावना भी रही, जिन्हें बार-बार नौकरी से निकाला जाता रहा। यह मुझे निराश करता है। हम सबसे बेईमान और नैतिक रूप से भ्रष्ट नेटफ्लिक्स इंडिया का एक समूह जिसे लॉस एंजिल्स में बॉस का बहुत मजबूत समर्थन प्राप्त है, उसके साथ इतना शक्तिशाली और ईमानदार कुछ कैसे बना सकते हैं। टेड और बेला का यह पाखंड 140 अरब लोगों के भारतीय बाजार के संबंध में है, जहां केवल सब्सक्राइबर बढ़ाना ही एकमात्र उद्देश्य है और कुछ नहीं। अनुराग कश्यप ने आगे पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, एक समय था जब एरिक बार्मैक नेटफ्लिक्स के साथ कुछ बनाने के लिए फेसबुक पर पहुंचते थे, पर अब वे आपको 'सारे जहां से अच्छा' जैसा शॉट शो भेजते हैं, जो ठीक से लिखा भी नहीं गया होता है और आधा-अधूरा होता है। यह सब मुझे एडोलसेंस जैसे शो के प्रति निराश और ईर्ष्यालु कर देता है। मुझे उम्मीद है कि वे इसे मिल रही प्रशंसा से सीखेंगे।